Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 302 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शुक्रवार 31 मई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन इतिहास और कथायें इस बात की साक्षी है कि अहिंसा की विजय हर युग में हुई है।

History and sacred tales of jainism are testimony to the face that it is only nonviolence that has been victorious in every era.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू कहर

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर भारत के अधिकांश हिस्से में इनदिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है. गर्मी की आलम ये है कि अब इससे मौत होने की खबरें भी सामने आने लगी हैं. उत्तर प्रदेश में भी गर्मी तांडव मचा रही है. रिपोर्ट के मुताबिक, बुंदेलखंड में लू की चपेट में आने से बुधवार को 31 लोगों की मौत हो गई. सबसे ज्यादा लोगों की जान महोबा में हुई. जहां आठ लोग लू लगने से काल के गाल में समा गए. इसके बाद हमीरपुर में सात तो चित्रकूट में 6 लोगों की मौत लू की चपेट में आने से हुई है. वहीं फतेहपुर में पांच, बांदा में तीन और जालौन में लोगों की मौत लू लगने से हुई है.

### बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए की जीत होगी : चिराग पासवान

**पटना।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का प्रचार अब थम चुका है। चुनाव प्रचार के बाद चिराग पासवान पटना लौट चुके हैं। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने का दावा किया। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर प्रचार करने के बाद हमें अनुभव हुआ कि लोगों को प्रधानमंत्री मोदी और हमारी सरकार पर भरोसा है। यह बहुत बड़ा कारण है, जो हम लोगों के विश्वास को मजबूत करता है।

## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में तीर्थयात्रियों से भरी बस 150 फीट गहरी खाई में गिरी, 21 की मौत



**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के टूंगी मोड़ क्षेत्र में गुरुवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में अब तक 21 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब 40 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। इनमें 20 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है।

पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश नंबर की यह बस जम्मू से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा सिथ्त माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है।

जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के टूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस का चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह हादसा हो गया। बस के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत में राहत और बचाव अभियान चलाया गया।

बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही।

अस्पताल में हादसे की खबर के साथ ही स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया। घायलों के पहुंचने के साथ ही यहां उपचार शुरू कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसी जम्मू रेफर किया गया। जीएमसी जम्मू में डॉक्टरों की अलर्ट टीम ने मोर्चा संभालते हुए पहुंचे हुए घायलों का तुरंत इलाज शुरू कर दिया है।

बस में लगभग 75 से अधिक यात्री सवार थे। मौके पर एसडीएम अखनूर लेख राज, एसडीपीओ अखनूर मोहन शर्मा, थानाप्रभारी अखनूर तारिक अहमद मोके पर बचाव कार्य मे जुटे हुए हैं। एसएसपी जम्मू व अन्य वरिष्ट अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया दुख

इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अखनूर में बस दुर्घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द ठीक हो जाएं। बस दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## लोकसभा चुनाव : चुनाव प्रचार थमा, आखिरी चरण में 8 राज्यों की 57 सीटों पर एक जून को होगा मतदान

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मनमोहन सिंह समेत अन्य दिग्गजों ने मांगे वोट




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए चुनाव प्रचार गुरुवार शाम समाप्त हो गया। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव का प्रचार भी थम गया है। सातवें और अंतिम चरण में 57 सीटों पर 1 जून को मतदान है। इस चरण में 8 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के बाद 4 जून को नतीजों की घोषणा की जाएगी।

सातवें चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 16 है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी ध्यान लगाने कन्याकुमारी पहुंच चुके हैं। अंतिम दौर में जो उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, उनमें वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल हैं। हिमाचल की मंडी सीट से अभिनेत्री कंगना रनौत भाजपा की उम्मीदवार हैं। इस सीट से उनके खिलाफ कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी भी सातवें चरण में उम्मीदवार हैं। पंजाब में कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार में भोजपुरी कलाकार पवन सिंह, ऊर्जा मंत्री आरके सिंह मैदान में हैं। इसके अलावा मिर्जापुर से अनुप्रिया पटेल, चंदौली से महेंद्रनाथ पांडेय और हमीरपुर लोकसभा सीट से अनुराग ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं। सातवें एवं आखिरी चरण में बिहार की 8 सीटों पर लोकसभा चुनाव होना है। इसके अलावा चंडीगढ़ की 1 और हिमाचल प्रदेश की चारों संसदीय सीटों पर मतदान होना है। इनके अलावा झारखंड की 3, ओडिशा की 6 और पंजाब की सभी 13 सीटों पर भी सातवें और अंतिम चरण में ही मतदान होना है।

इस चरण में उत्तर प्रदेश की 13 और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों पर भी मतदान होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए देशभर में पिछले 75 दिनों में 206 चुनावी रैलियां, रोड शो एवं चुनाव से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम और 80 से ज्यादा मीडिया साक्षात्कार दिए हैं।

अंतिम चरण में पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस नेता मनमोहन सिंह ने मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। पंजाब में वोटिंग से ठीक पहले मनमोहन सिंह ने कहा कि कांग्रेस ही देशवासियों का बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सकती है। मनमोहन सिंह ने पंजाब के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे विकास और समावेशी प्रगति के लिए वोट दें।

उन्होंने पंजाब के मतदाताओं से शांति, भाईचारे और सद्भाव को अवसर देने की अपील की है। उन्होंने पंजाब के मतदाताओं को एक पत्र लिखा है। अपने इस पत्र में उन्होंने सशस्त्र बलों पर अग्निवीर योजना को जबरन थोपने का आरोप लगाया। उन्होंने पत्र के जरिए कहा कि बीजेपी की सोच यह है कि देशभक्ति, और सेवा का मूल्य केवल चार साल है। यह उनके नकली राष्ट्रवाद को दिखता है।

## अग्निबाण सॉर्टेड को सफलतापूर्वक किया गया लॉन्च

### इसरो ने स्टार्टअप कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस को दी बधाई

**श्रीहरिकोटा (आरएनएस)।** अंतरिक्ष स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने सफलतापूर्वक 30 मई को अपने पहले रॉकेट की उड़ान का परीक्षण किया। हालांकि ये परीक्षण लॉन्च पहले मंगलवार को निर्धारित थी, लेकिन लेकिन कुछ तकनीकी कारणों सो लॉन्चिंग को 2 बार टाल दिया गया। निजी कंपनियों और अंतरिक्ष विभाग के बीच ब्रिज का काम करने वाले इनस्पेस ने कंपनी की तरफ से यह जानकारी साझा की और बताया कि अग्निकुल के रॉकेट का सफलतापूर्वक गुरुवार को परीक्षण किया गया। इसरो ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी कि श्री हरिकोटा में निजी कंपनी के निजी लॉन्च पैड़ से उड़ान का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।



इसरो ने अग्निकुल की इस टेस्ट फ्लाइट अग्निबाण सॉर्टेड 01 मिशन की सफलता को स्पेस सेक्टर में मील का पत्थर बताया गया है। बता दें कि इससे पहले रॉकेट का परीक्षण उड़ान मंगलवार को किया जाना था, लेकिन उसे टाल दिया गया। लॉन्चिंग से कुछ देर पहले ही रॉकेट के परीक्षण उड़ान को टाल दिया गया। बता दें कि पिछले तीन महीनों में चौथी बार देश के दूसरे प्राइवेट रॉकेट की लॉन्चिंग को रद्द किया गया है। रॉकेट का प्रक्षेपण मंगलवार सुबह 5.45 बजे के लिए निर्धारित था।

दरअसल मंगलवार की सुबह परीक्षण का टेस्ट किया जाना था। सुबह के वक्त 9.25 बजे इसका परीक्षण करना था, लेकिन उड़ान भरने से केवल 5 सेकेंड पहले ही इस प्रक्षेपण को होल्ड पर रखा दिया गया और फिर प्रक्षेपण को रद्द कर दिया गया। बता दें कि अग्निकुल कॉसमॉस का अग्निबाण रॉकेट दो चरणों वाला रॉकेट है। यह रॉकेट 700 किमी की ऊचाई और 300 किग्रा तक का पेलोड को ले जाने में सक्षम है।

## 206 कार्यक्रम, 80 साक्षात्कार, ऐसा रहा पीएम मोदी का मैराथन चुनावी अभियान

### लोकसभा चुनाव 2024

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इस बार का लोकसभा चुनाव सात चरणों में संपन्न हो रहा है और चुनाव का नतीजा 4 जून को घोषित होगा। 16 मार्च को चुनाव आयोग की तरफ से लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई थी।

ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले से ही देश भर के लगभग सभी राज्यों का मैराथन दौरा कर रहे थे। लेकिन, चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ देश के दक्षिण छोर से शुरू हुआ उनका प्रचार अभियान उत्तर में स्थित पंजाब के होशियारपुर में आकर समाप्त हुआ। जहां पीएम मोदी ने गुरुवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस चुनाव में पार्टी के पक्ष में पीएम मोदी की मेहनत साफ नजर आई। विपक्ष के फायर ब्रांड नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेता एक तरफ और पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान नरेंद्र मोदी एक तरफ सबको अपनी ऊर्जा से टक्कर देते नजर आए। आंध्र प्रदेश के पालनाडु से चुनाव प्रचार की शुरुआत कर पीएम मोदी ने इस अभियान का समापन 30 मई को पंजाब के होशियारपुर में किया। यानी 75 दिन की इस अवधि में पीएम मोदी ने 180 रैलियां और रोड शो किए हैं।

पीएम मोदी की रैलियों के साथ उनके रोड शो और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने का आंकड़ा देखें तो यह संख्या 206 है। इसके साथ ही उन्होंने इस दौरान 80 से ज्यादा मीडिया चैनलों, अखबारों, यूट्यूबरों, ऑनलाइन मीडिया माध्यमों को अपना साक्षात्कार दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने होशियारपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- कहा- आज फिर कह रहा हूं 21वीं सदी भारत की सदी होगी

**होशियारपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन पंजाब पहुंचे. जहां होशियारपुर में उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान पीएम मोदी ने अपने सरकार में कराए गए कामों का जिक्र किया और नई सरकार में किए जाने वाले कामों के बारे में बताया. पीएम मोदी ने कहा कि होशियापुप को छोटी काशी कहा जाता है, ये गुरु रविदास जी की तपोभूमि है. और ये संयोग देखिए काशी जहां से मैं सांसद हूं, वहां गुरुरविदास जी का जन्म हुआ था. इसलिए होशियारपुर की इस पुण्यभूमि पर चुनाव अभियान का समापन होना मेरे लिए अपने आप में सौभाग्य से कम नहीं है.



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि गुरु रविदास जी कहते थे कि मन चंगा तो कठौती में गंगा. मैं भी पूरे ईमानदार मन से देश की सेवा में जुटा हूं. इसीलिए देश की जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है. मैं देशभर में जाकर के आया हूं. जनता जनार्दन ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाना पक्का कर लिया है. आज देश में आकांक्षाएं नई हैं, आज देश में उम्मीदें नई हैं आज देश में आत्मविश्वास नया है. दशकों बाद ऐसा समय आया है पूर्ण बहुमत वाली सरकार हैट्रिक बनाने जा रही है. जिसकी वजह है विकसित भारत का सपना. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगे कहा कि आज हर भारतीय विकसित भारत के सपने के साथ एक रूप हो गया है. जुड़ गया है इसलिए हर देशवासी हमें आशीर्वाद दे रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि मैंने लाल किले से कहा था यही समय है सही समय है. और आज फिर कह रहा हूं 21वीं सदी भारत की सदी होगी. पीएम ने कहा कि पिछले दस साल में भारत ने जो विकास करके दिखाया है वो अभूतपूर्व रहा है. आज जब पंजाब के लोग दूसरे राज्यों के लोग विदेश जाते हैं तो खुद देखते हैं कि वहां भारत और भारतीयों की इज्जत कितनी बढ़ गई है. जब देश में दमदार सरकार होती है तो विदेशी सरकार भी हमारा दम देखती है.

पीएम मोदी ने कहा कि गरीब कल्याण मेरी सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता, इसमें गुरु रविदास जी की बहुत बड़ी प्रेरणा है. पीएम मोदी ने कहा कि बीते दस वर्षों में हमने गरीब से गरीब को मुफ्त अनाज और मुफ्त इलाज की सुविधा दी है. आज किसी भी गरीब, दलित, वंचित मां की संतान को भूखे पेट नहीं सोना पड़ता. आज गरीब महिला को अपनी बीमारी छिपाने की मजबूरी नहीं है. आज उसके पास राशन कार्ड है आयुष्मान कार्ड है.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगे कहा कि यही लोग हैं जो अपने वोट बैंक के लिए लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे. यही वजह है कि इंडी गठबंधन अपनी तुष्टिकरण की राजनीति की वजह से सीएए का भी विरोध कर रहा है. आज कल देश के लोग इंडी गठबंधन वालों से संविधान-संविधान की रट सुन रहे हैं. ये वे लोग हैं जिन्होंने इमरजेंसी में संविधान का गला घोंट दिया था. जब चौरासी के दंगों में सिखों के गले में टायर डालकर जलाया जा रहा था. तो इन्हें संविधान की नहीं सूची. मोदी ने ने एक संकल्प लिया है कि वो दलितों-पिछड़ों आदिवासियों का आरक्षण किसी को छीनने नहीं देगा.

## कन्याकुमारी पहुंचे पीएम मोदी, भगवती अम्मन मंदिर में किया दर्शन-पूजन



### 1 जून की शाम तक ध्यान साधना करेंगे

**कन्याकुमारी (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी व्यस्तताओं के बाद तमिलनाडु के कन्याकुमारी में ध्यान-साधना करने पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिख। ऑफ-व्हाइट रंग के शॉल से ढके नजर आए प्रधानमंत्री मोदी विवेकानंद मेमोरियल के ध्यान मंडपम में आज शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान करेंगे। पीएम मोदी उसी स्थान पर दिन-रात ध्यान करेंगे, जहां कई दशकों पहले स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी। बता दें कि प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के अंत में आध्यात्मिक यात्राओं के लिए जाने जाते हैं। पांच साल पहले लोकसभा चुनाव 2019 का प्रचार समाप्त होने के बाद पीएम मोदी ने केदारनाथ का दौरा किया था। 2014 में उन्होंने महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े स्थल प्रतापगढ़ का दौरा किया था। गौरतलब है कि 543 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू हुए हैं। सात चरणों में हो रहे चुनाव के लिए अंतिम दौर का मतदान एक जून को होना है। मतों की गिनती 4 जून को होगी।

## किसानों के योगदान से ही 2047 में विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : उप राष्ट्रपति धनखड़

**रुद्रपुर (आरएनएस)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि कृषकों के योगदान से ही भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को आय बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादों की ब्रॉडिंग और पैकेजिंग कर संगठित बाजार और क्लस्टरों से जुड़ना होगा। जिससे वह अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में किसान अपने को तकनीकी रूप से आगे बढ़ाएं। गुरुवार को कैंची धाम के दर्शन कर उपराष्ट्रपति पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उत्तराखण्ड के राज्यपाल और जीबी पंत विवि के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति राई भवन पहुंचे और पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ चंदन का पौधा का रोपा।



जीबी पंत विवि में मीडिया कर्मियों से बातचीत में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में किसानों को अपना योगदान देना है तो किसानों को तीन बातों के लिए वचनबद्ध होना पड़ेगा। किसानों को कृषि के साथ ही कृषि उद्योगों से जुड़ना होगा। किसान अपना उत्पाद तुरंत बेच देते हैं। इससे उनको उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पता है और उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने इसलिए ज्यादा से ज्यादा फायदा लेने के लिए वेयर हाउसिंग बनाने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि यह देखा जाता है कि किसान दूध और छाछ तक ही सीमित रहता है। अब समय आ गया है कि दूध से आइस क्रीम, पनीर व सभी प्रकार के दुग्ध उत्पाद तैयार कर बाजार में बेचें। उन्होंने कहा कि किसानों को आय बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादों की ब्रॉडिंग, पैकेजिंग कर संगठित बाजार और क्लस्टरों से जुड़ना होगा ताकि वह अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।

## अग्निपथ योजना रद्द करेंगे राहुल गांधी, लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेता ने किया ऐलान

**बालासोर (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बड़ा दावा करते हुए कहा है कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो वो अग्निपथ योजना को रद्द कर देंगे. ओडिशा के बालासोर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा, हम अग्निपथ योजना को रद्द करने जा रहे हैं. प्रधानमंत्री ने जवानों को मजदूर बना दिया है, हम एक बार फिर जवानों को जवान बनाएंगे. यह बयान अग्निपथ योजना को लेकर जारी विवादों के बीच आया है. इस योजना के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए थे और कई राजनीतिक दलों ने भी इस योजना का विरोध किया था. राहुल गांधी का यह दावा चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है. वे इस मुद्दे को लेकर युवाओं में अपनी पैठ बनाने का प्रयास कर रहे हैं. देखना होगा कि अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस का यह वादा कितना प्रभावी साबित होता है और आने वाले चुनावों में इसका क्या असर पड़ता है.



## इंडिया गठबंधन की बहुमत वाली सरकार बनेगी, सभी दलों की सहमति से चुनेंगे प्रधानमंत्री : मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विश्वास जताया है कि 4 जून को देश में इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी। केंद्र में सरकार आने पर कांग्रेस के घोषणा पत्र में दी गई गारंटियों और न्याय पत्र की घोषणाओं को पूरा किया जाएगा। इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री कौन होगा, इस पर खड़गे का कहना है कि गठबंधन के सभी दल मिलकर इस विषय पर चर्चा करेंगे। सभी दलों की सहमति से प्रधानमंत्री चुना जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली में कहा कि हमें विश्वास है कि 4 जून को जनता एक नई वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी। इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हो सकते हैं, इस पर खड़गे ने कहा कि उन्होंने कभी अपने लिए कुछ नहीं मांगा है। कांग्रेस ने 1 जून को इंडिया गठबंधन की मीटिंग बुलाई है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि यह एक अनौपचारिक मीटिंग है। इस मीटिंग में फार्म 17सी और मतगणना की तैयारी पर चर्चा की जाएगी। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान महंगाई और बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं कहा, जबकि पिछले 15 दिनों में 232 बार कांग्रेस का नाम लिया और 758 बार मोदी शब्द का प्रयोग किया।



कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि बीते 15 दिनों में प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में 573 बार इंडिया गठबंधन का नाम लिया। 421 बार मंदिर, मस्जिद की बात की। 224 बार मुस्लिम, पाकिस्तान, अल्पसंख्यकों की बात की। लंबे समय तक यह चुनाव याद रखा जाएगा। यह चुनाव इसलिए याद रहेगा क्योंकि इस चुनाव में देश का हर नागरिक धर्म, जाति, पंथ, क्षेत्र, लिंग और भाषा को भूलकर लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एक साथ आया है। प्रधानमंत्री और भाजपा के प्रमुख नेताओं ने चुनाव के दौरान धार्मिक और विभाजनकारी मुद्दों से लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 80-90 देश में महात्मा गांधी की मूर्ति है, फिर भी अगर कोई कहता है कि फिल्म देखकर महात्मा गांधी के बारे में पता लगा तो यह सुनकर हंसी आती है। जिन्हें महात्मा गांधी के बारे में ज्यादा पता नहीं है तो उन्हें संविधान के बारे में भी अधिक पता नहीं होगा। गांधी हमेशा अहिंसा की राजनीति करते थे। महात्मा गांधी ने कभी किसी से नफरत नहीं की। आज मोदी जी की सारी कोशिशें नफरत से भरी है।

खड़गे ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए गए। कुछ दूसरी पार्टियों के साथ भी इसी प्रकार का व्यवहार किया गया। किसी सत्ताधारी दल ने इससे पहले ऐसा नहीं किया था। संसद में भी ऐसा ही देखने को मिला। संसद में विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। सरकार के इसी रवैया से हमारे शक की पुष्टि हुई कि सरकार तानाशाही की ओर बढ़ रही है।

## विभिन्न घटनाओं के संबंध में रेलवे सुरक्षा बल ने जागरूकता अभियान चलाया





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग, भाटापारा एवं रायपुर के अधिकारी व बल सदस्यों द्वारा ट्रेन में अत्यधिक भीड़,समपार फाटक को पार करने, एसीपी, MRO, CRO पत्थरबाजी की घटनाओं के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त घटनाओं के संबंध में समझाइश दी गई तथा अपने-अपने मवेशियों को रेल लाइन के किनारे लावारिस ना छोड़ने तथा अंडर ब्रिज से मवेशियों को ले जाने एवं रेलवे द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन करने हेतु आवश्यक समझाइश देते हुए किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके एवं रेल परिचालन में कोई बाधा उत्पन्न ना हो, साथ ही यात्री सुरक्षित यात्रा कर सकें।

## समर्थन मूल्य में उपार्जित धान का उठाव जल्द करें : कलेक्टर

### विजय दयाराम ने धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों एवं राईस मिलर्स की बैठक में दिए निर्देश

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत खरीदे गए सम्पूर्ण धान का उठाव जल्द करें। डीओ कटने के बाद निर्धारित समय-सीमा में धान उठाव का निराकरण कर अनिवार्य रूप से शून्य शार्टेज की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। वहीं कस्टम मिलिंग के अंतर्गत राईस मिलर्स द्वारा निर्धारित चावल को जमा करने में तत्परता दिखाई जाए।

कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने बुधवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों तथा राईस मिलर्स की बैठक में उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के उठाव स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन सहकारी समितियों के धान खरीदी केन्द्रों में धान उठाव हेतु शेष है, उक्त धान का अतिशीघ्र उठाव कर लिया जाए।

उन्होंने इस दिशा में सम्बन्धित समिति प्रबन्धकों तथा राईस मिलर्स को समन्वय कर उठाव कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग हेतु अनुबंधित राईस मिलर्स को जिले में चावल जमा करने के साथ ही सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में भी चावल जमा किये जाने कहा।

## ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण महिलाओं ने सीखा घरेलू उपयोगी उत्पाद बनाना



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान जगदलपुर द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हाटपदमूर में किया गया, जिसका मूल्यांकन 29 मई को किया गया। इस शिविर में 32 ग्रामीण महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और मोमबत्ती बनाना, फिनायल, वाशिंग पाउडर, हार्पिक आदि घरेलू एवं रोजगारमूलक उत्पादों को बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आरसेटी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से आरसेटी के स्टेट कन्ट्रोलर अरुण सोनी और निदेशक हेमंत सलाम का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण के मूल्यांकन के लिए रायपुर एवं दुर्ग से आए मूल्यांकनकर्ता पीके राघव और आलोक श्रीवास्तव ने कौशल और सीखने की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया। शिविर में श्रीमती सरोज साहू ने महिलाओं को बड़ी मेहनत से प्रशिक्षण दिया। आरएसईटीआई जगदलपुर के फैकल्टी मेंबर एन. मधुसूदन, श्रीमती रमा राय और कार्यालय स्टाफ दयाराम मौर्य एवं राहुल बघेल ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ये संस्थान विभिन्न प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिससे प्रतिभागियों को नए-नए रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। आरएसईटीआई का प्रयास है कि ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाए।

## राजिम की वरिष्ठ साहित्यकार सुधा शर्मा के कहानी संग्रह मनटोरा का विमोचन



**राजिम ( विश्व परिवार )।** वरिष्ठ साहित्यकार सुधा शर्मा के छत्तीसगढ़ी कहानी संग्रह मनटोरा का विमोचन 29 मई को मानसरोवर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ इकाई के वार्षिक महोत्सव में हुआ। सुबह 10 बजे से वृंदावन हाल सिविल लाइंस रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा में दैनिक रचना करने वाले 30 रचनाकार सहित प्रदेश के 150 रचनाकार मानसरोवर साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित हुए। उक्त उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी भी आयोजित की गई।

वार्षिक महोत्सव में वरिष्ठ साहित्यकार सुधा शर्मा के छत्तीसगढ़ी कहानी संग्रह मनटोरा, मानसरोवर साहित्य अकादमी के निदेशक चोपेश्वर साहू द्वारा रचित छत्तीसगढ़ी कव्य संग्रह दाई के दुलार, मानसरोवर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ इकाई के संयोजक लता त्रिशा शर्मा द्वारा रचित हिंदी काव्य संग्रह कृष्णामृत और डॉ. विजय कुमार कन्नौजे के संपादन में प्रकाशित साझा संकलन बाबा गाडगे का विमोचन अतिथियों के हाथों हुआ। विभिन्न सम्मानों से समादृत वरिष्ठ साहित्यकार सुधा शर्मा के छत्तीसगढ़ी कहानी संग्रह मनटोरा के पूर्व उनका कुंडलिया संग्रह कहे सुधा सुन मीत, गीत संग्रह नदी कूल का है बंजारा, दोहा संग्रह हृदय रखें नवनीत, काव्य संग्रह अनंत पथ पर महानदी, काव्य संग्रह सृजन समीक्षा, खंड काव्य महानदी, खंड काव्य चंदन सुधि पुरवा कर डारेंव, काव्य संग्रह जिनगी के बियारा म, काव्य संग्रह पुरवा कहती है, प्रकाशित हो चुके हैं।

## श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ता में हुई वृद्धि, आदेश जारी

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिक तथा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए 01 अप्रैल 2024 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित की गई है। लेबर ब्यूरों शिमला से प्राप्त औद्योगिक सूचकांक में जुलाई 2023 से दिसम्बर 2023 के मध्य 14 बिन्दु की औसत वृद्धि हुई। जिसके अनुसार प्रति बिन्दु 20 रूपए के मान से 45 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में प्रतिमाह 294 रूपए की वृद्धि की गई। जिला श्रम आधिकारी आजाद सिंह पात्रे ने बताया कि कृषि नियोजन में कार्यरत श्रमिकों हेतु लेबर ब्यूरों शिमला से प्राप्त सूचकांक में 56 बिन्दु की औसत वृद्धि होने से 5 रूपए प्रति बिन्दु के मान से 294 रूपए प्रतिमाह परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई। इसी प्रकार अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में औसत वृद्धि के आधार पर परिवर्तनशील महंगाई भत्ते 7.08 रूपए प्रति हजार अगरबत्ती निर्माण में निर्धारित की गई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत 45 अनुसूचित नियोजनों, कृषि नियोजन एवं अगरबत्ती नियोजन में कार्यरत श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ते का निर्धारण लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर वर्ष में दो बार 01 अप्रैल एवं 01 अक्टूबर को किया जाता है। जारी आदेशानुसार श्रमिकों के लिए 01 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित की गई है।

## अवैध शराब पर आबकारी विभाग ने की करवाई

**बलौदाबाजार ( विसं )।** कलेक्टर के.एल. चौहान के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिस तारतम्य में आज गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र के थाना गिधौरी अन्तर्गत ग्राम हसुआ बलौदा में टीम द्वारा 320 पाउच (प्रत्येक 250 मि.ली. लगभग) कुल मात्रा 80 ब.ली.महुआ मदिरा आरोपी द्वारा मोटर सायकल में परिवहन करते हुये पकड़ा गया तथा 80 ब.ली.महुआ शराब के साथ मोटर सायकल को को भी विभाग द्वारा जब्त किया गया है। आरोपी शिवा गोंड पिता शंकर गोंड निवासी ग्राम हसुआ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी एल.के. गायकवाड़ के द्वारा दी गई है।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

### आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **सड्डू**, रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-453, एस.एम. मोनव्वरूल हसन रिजवी पिता एस.एम. वजीहुल हसन शाहिद** के नाम से आबंटित है, आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड/ अनुबंध दिनांक 26/07/2007 पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **एस.एम. मोनव्वरूल हसन रिजवी पिता एस.एम. वजीहुल हसन शाहिद,** निवासी- न्यू मिल्लत कॉलोनी, सेक्टर-02, फुलवारी शरीफ जार्ज अकेडमी के पास पटना (बिहार) द्वारा आम मुख्त्यार **श्री मोहन स्वामी पिता स्व. श्री अशोक स्वामी** निवासी- स्वामी निवासी, खल्लारी मंदिर मार्ग, पुष्पक आलमारी फैक्टरी के पास, शिवम विहार, महादेवघाट रोड, रायपुरा, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) **( यह कि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में मेरी ओर से नियुक्त मुख्त्यार आम नगर निगम टैक्स एवं अन्य टैक्स मेरी ओर से अदा करें, जहां-जहां मेरी आवश्यकता हो या मेरी हस्ताक्षर की आवश्यकता हो, मेरी ओर से हस्ताक्षर करें, पंजीयन कार्यालय ( बैनामा निष्पादन कार्यवाही को छोड़कर ) में उपस्थित होकर अपना हस्ताक्षर करें )** के द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्रीमती रेखा नौरंगे पति श्री होमदास नौरंगे,** निवासी- ग्राम अमसेना, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने हेतु इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 140 दिनांक 09/01/2024 के द्वारा **विक्रय करने की अनुमति** प्रदान किया गया था, तथा वर्तमान में उक्त आबंटी के मुख्त्यारआम द्वारा उक्त विक्रय इकरारनामा को निरस्तीकरण कर पुन: उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती चेतना तिवारी पति श्री राहूल तिवारी** निवासी- एल.आई.जी.-125, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र ( NOC ) की मांग की गई।

अत: उक्त भवन के विक्रय विलेख के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस के अन्दर** लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर फोन नं.-0771-4016094**
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

### // आम-सूचना //

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजना **बेलभाठा, अभनपुर** रायपुर में निर्मित **स्वतंत्र भवन क्रमांक-537, श्रीमति कल्पना संत पति स्व. श्री विलास संत,** के नाम पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 578 दिनांक 20.03.2023 के माध्यम से नामान्तरण किया गया आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त नामान्तरण उपरांत दिनांक 01.02.2024 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण-विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **श्री डागेश्वर नेताम पिता श्री ईतवारी नेताम,** निवासी- बजरंग चौक, ग्राम- कोड़ेबाड़े, तहसील- कुरूद, जिला- धमतरी (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 19.02.2024 को विक्रय-विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। क्रेता **श्री डागेश्वर नेताम पिता श्री ईतवारी नेताम,** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर मण्डल के अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन का **फ्री-होल्ड** उपरांत मण्डल के अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस **आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर** लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर फोन नं.-0771-4016094**
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

### // आम-सूचना //

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजना **बेलभाठा, अभनपुर** रायपुर में निर्मित **स्वतंत्र भवन क्रमांक-130, श्री प्रकाश सिंह पिता श्री अरूण सिंह,** के नाम पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 3809 दिनांक 23.07.2013 के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 28.09.2016 को लीज-डीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 22.07.2019 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण-विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **श्री तरूण कुमार देवांगन पिता श्री नारायण प्रसाद देवांगन,** के पक्ष में दिनांक 07.08.2019 को विक्रय-विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया। पुन: उक्त भवन को **श्री खानचंद कोसरिया पिता स्व. श्री मंगल दास कोसरिया,** निवासी- अम्बे चौक, मेन रोड, बड़े उरला, वार्ड नं.-12, अभनपुर, तहसील- अभनपुर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 29.01.2024 को विक्रय-विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। क्रेता **श्री खानचंद कोसरिया पिता स्व. श्री मंगल दास कोसरिया,** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर मण्डल के अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन का **फ्री-होल्ड** उपरांत मण्डल के अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस **आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर** लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर फोन नं.-0771-4016094**
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

### // आम-सूचना //

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजना **बेलभाठा, अभनपुर** रायपुर में निर्मित **स्वतंत्र भवन क्रमांक-140, श्रीमति गीता बाई साहू पति श्री तेजराम साहू,** के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 4742 दिनांक 01.11.2008 के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 01.01.2010 को लीज-डीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 02.07.2015 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण-विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **श्री कीर्तन राम साहू पिता श्री दूजराम साहू,** निवासी- वार्ड नं.-15, ग्राम- रामपुर, पो.- रामपुर, थाना- भाखारा, तहसील- कुरूद, जिला- धमतरी (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 20.03.2019 को विक्रय-विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। क्रेता **श्री कीर्तन राम साहू पिता श्री दूजराम साहू,** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर मण्डल के अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन का **फ्री-होल्ड** उपरांत मण्डल के अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस **आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर** लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर फोन नं.-0771-4016094**
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

### // आम-सूचना //

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-8772 दिनांक 10.09.2009 के द्वारा **नवा रायपुर** अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- **एफ2सी-28/304,** को **श्री प्रदीप पिल्लई पिता स्व. श्री पी.के. पिल्लई,** के नाम स्ववित्तीय योजनांतर्गत आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 25.11.2011 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री प्रदीप पिल्लई पिता स्व. श्री पी.के. पिल्लई,** निवासी- जे-572, जनता कॉलोनी, तिलक नगर, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता **श्री सुहैल अहमद सिद्दीकी पिता श्री रियाज अहमद सिद्दीकी,** निवासी- एच. नं.-240, वार्ड नं.-17, गुलमोहर बस्ती, ममता नगर, राजनांदगांव (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- **एफ2सी-28/304** को विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस **आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर** लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8) मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11679/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 30-05-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 11679**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802I00624** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIVEKANAND SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BISHWANATH MISTRI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAMNARESH SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATEL PRASAD SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

### आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत **शंकर नगर,** रायपुर में स्थित भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-21, सेक्टर-02, श्रीमती सिमरत कौर बत्रा पति श्री इंदरबीर सिंह बत्रा,** के नाम पर इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्रमांक 92 दिनांक 02.08.2016 के माध्यम से नामांतरित किया गया है। वर्तमान में नामांतरी **श्रीमती सिमरत कौर बत्रा पति श्री इंदरबीर सिंह बत्रा** की मृत्यु दिनांक 07.03.2024 को हो जाने के कारण उनके पति **श्री इंदरबीर सिंह बत्रा पिता श्री गुरुबक्स सिंह बत्रा** के द्वारा अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृतक नामांतरी का पंजीकृत वसीयतनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उपरोक्त भवन को नामांतरी **श्रीमती सिमरत कौर बत्रा पति श्री इंदरबीर सिंह बत्रा,** की मृत्यु होने के उपरांत उनके पति **श्री इंदरबीर सिंह बत्रा पिता श्री गुरूबक्स सिंह बत्रा** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: उक्त भवन के **नामांतरण के संबंध** में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6) आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर**
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./11752/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 30-05-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 11752**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652E0068B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **AVINASH KUMAR SHRIVASTAVA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURESH CHANDRA SHRIVASTAVA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GAURAV MISHRA** पिता/पति श्री/श्रीमती **DHARMRAJ MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6) आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर**
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./11640/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 30-05-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 11640**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652B00500** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **A. RAJJAK VALYANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **WALI MOHAMMAD VALYANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MINAJ BANO** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MOHAMMAD ALTAF** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6) आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर**
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./11641/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 30-05-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 11641**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652A00041** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHEIKH SHOAIB MOHAMMAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHEIKH MOHAMMAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MINAJ BANO** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MOHAMMAD ALTAF** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8) मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11674/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 30-05-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 11674**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802G00134** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TAPALAL VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GANDLAL VERMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. HEMLATA VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAMOD VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8) मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11709/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 30-05-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 11709**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802J00158** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RADHE SHYAM PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. D.D. PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **TAMANNA PRAVEEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MO. SHAMSHAD AALAM** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8) मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11719/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 30-05-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 11719**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802K01603** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANVINDER SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOPAL SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. SHIKHA KESARWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARIHAR PRASAD KESHARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8) मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11726/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 30-05-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 11726**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802G01215** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MONGRA DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती .......... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **TUKESHWARI VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RUPENDRA KUMAR VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **हाउसिंग बोर्ड नामांतरण आदेश**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8) मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11675/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 30-05-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 11675**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802J00083** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TARACHAND DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LALARAM DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MRS. SUSHMA TRIPATHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KRISHNA KANT TRIPATHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## स्कूली बच्चों ने थियेटर में देखी श्रीकांत बोला की बायोपिक

### दृष्टिहीन श्रीकांत के बारे में जानकर बच्चे दिखे उत्साहित, कहा-सच्ची लगन और मेहनत के आगे सारी चुनौतियां छोटी



**रायगढ़ (विश्व परिवार)।** समर कैंप में बच्चों के बहुमुखी व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रख विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां करवाई जा रही हैं। इसी कड़ी में रायगढ़ जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने खास पहल करते हुए स्कूली बच्चों को ग्रैंड माल स्थित सिनेमाघर में श्रीकांत बोला पर बनी बायोपिक फिल्म दिखाई गई। जिले के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे स्कूली बच्चे भी श्रीकांत मूवी देख कर काफी उत्साहित नजर आए। फिल्म देखने के बाद कक्षा दसवीं की छात्रा स्मृति यादव ने कहा कि श्रीकांत बोला का जीवन अत्यंत प्रेरणादायक है। यह फिल्म दिखाती है कि हमें चुनौतियों से भागना नहीं चाहिए बल्कि डटकर उसका सामना करना चाहिए। सच्ची लगन से हम कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। किरोड़ीमल नगर के कक्षा दसवीं के छात्र सिमरन आदित्य ने बताया कि उन्हें यह पहल काफी अच्छी लगी। उन्होंने कहा कि श्रीकांत ने अपने अंधेपन को अपनी कमी न मानते हुए अपना सपना पूरा करने के लिए पूरी लगन से मेहनत की। उनका पूरा जीवन प्रेरणादायक है। सभी को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। पुसौर के मोहनीश वर्मा ने कहा कि श्रीकांत बोला का जीवन यह सिखाता है कि परिस्थितियां जब आपके अनुकूल नहीं हो तो उनसे कैसे लड़ा जाता है। नटवर स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा निशी मिश्रा ने कहा कि अपने सपनों को पूरा करने में किसी भी तरह की परेशानी और तकलीफ आए तो उसे सुलझा कर उसे आगे बढना यह इस फिल्म में बहुत बेहतरीन तरीके से दिखाया गया है। सभी स्कूली छात्रों ने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के प्रति प्रेरक व्यक्तियों पर आधारित फिल्म दिखाने की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए समर कैंप के माध्यम से उन्हें विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए उत्कर्ष भविष्य की उड़ान थीम के साथ कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्कूली छात्रों को प्रेरक फिल्म के माध्यम से हमारे आसपास के सफल व्यक्तित्व के जीवन के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिससे बच्चे प्रेरित हों। इसी क्रम में रायगढ़, पुसौर, खरसिया, तमनार और घरघोड़ा के स्कूलों के करीब 220 बच्चों को श्रीकांत बोला फिल्म दिखाई गई। बता दें कि श्रीकांत बोला एक दृष्टिहीन भारतीय उद्योगपति हैं। उन्होंने पूरे विश्व में प्रतिष्ठित अमेरिका की एमआईटी यूनिवर्सिटी में पहले दृष्टिहीन छात्र के रूप अपनी शिक्षा पूरी की। भारत लौट कर अपनी कंपनी बोलेंट इंडस्ट्रीज की शुरुआत की। जिसका टर्नओवर आज डेढ़ सौ करोड़ से ज्यादा का है। अपनी कंपनी वे सैकड़ों दिव्यांगों को रोजगार मुहैय्या करा रहे हैं।

## पुटका पहाड़ के किनारे केसला में बन रहे बायो डायवर्सिटी पार्क - डीएफओ

**कोरबा (विश्व परिवार)।** पूर्वी व पश्चिमी घाट के बीच बसे कोरबा मैकल रेंज पहाडियों से घिरा हुआ है। यहां पर न केवल मध्य भारत की जैव विविधता पाई जाती है बल्कि कई प्रजातियां ऐसी भी हैं जो पूर्वी और पश्चिमी घाटों में मिलती है। यह प्रजातियां यहां पर भी पाई जाती है. पुटका पहाड़ के किनारे केसला में बन रहे बायो डायवर्सिटी पार्क में हिमालय की तराई में पाई जाने वाली तितलियां भी मिली है। यहां तितलियों की 40 प्रजातियां है। इसके संरक्षण के लिए प्रयास करते हुए विभाग द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क बनाया जा रहा है। कोरबा के जंगल में जैव विविधता की कमी नहीं है। चैतुरगढ़, महादेव पहाड़, कोसगाई पहाड़ में तो कई जंगली जानवर घूमते रहते हैं। पिछले दोनों किंग कोबरा, ऊदबिलाव, अनेक प्रकार की छिपकलियां, हनी बैजर, मेंढक, पैंगोलिन और नको रहने लायक वातावरण देने के लिए अनेक वनस्पतियां भी पाई जाती है। यहां की पहाडियों में तरी फर्न, साइथिया, सर्पगंधा, सफेद मूसली, कलिहारी, सलाई कुल्लू, गुड़मार, ईश्वर मूल, बलराज, तेजराज जैसे दुर्लभ औषधि पौधे भी पाए जाते हैं। कोरबा डीएफओ अरविंद पीएम ने बताया कि इसके संरक्षण के लिए ही वन विभाग बायो डायवर्सिटी पार्क का निर्माण केसला में कर रहे हैं. यहां नदी तालाब और छोटे झरने भी हैं। सबसे बड़ी विशेषता इस क्षेत्र में पाई जाने वाली तितलियों की 40 प्रजातियों की है। जंगल में सुरक्षित होने पर संख्या और बढ़ेगी। आने वाले पर्यटकों के लिए यहां पैगोडा का भी निर्माण कराया गया है। इन जीवों का है बसेरा:-इस बायोडायवर्सिटी पार्क के क्षेत्र में जिन खास तितलियों की प्रजातियां पाई गई हैं. उसमें बार्न, बैरनेट, सुलेप्ड, नाविक, तावी कोस्टर, ग्रे काउंट, कैस्टर, ग्रेट लेओमन, पैंसी, ब्लू पैंसी, आम नाविक, कमांडर लेपर्ड, बुश ब्राउन, काउ प्लेन टाइगर, ग्रास यलो, डार्क ग्रास ब्लू, सिल्वर लाइन प्रजाति की तितलियां यहां मिलेंगी। कोरबा डीएफओ अरविन्द पीएम ने बताया कि घना जंगल होने की वजह से क्षेत्र में जंगली जानवरों के अनेक प्रजातियां भी है।

## गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक व माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**कोरबा (विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 04 जून को होने वाले मतगणना कार्य के लिए नियोजित गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में आज प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ एम एम जोशी द्वारा मतगणना कर्मियों को मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी ने मतदान संबंधी महत्वपूर्ण कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया है। मतगणना का कार्य भी महत्वपूर्ण है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, ईव्हीएम से मतगणना की प्रक्रिया, मतगणना व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। डॉ जोशी ने बताया कि मतगणना में कंट्रोल यूनिट में दर्ज वोटों की गिनती के साथ डाकमत पत्र, ईटीपीबीएस के अलावा रेंडम आधार पर चयनित किसी एक वीवीपैट की स्लिपों की भी गणना की जाएगी। इस दौरान डाक मत पत्रों की मतगणना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पहले डाक मतपत्रों की गणना होगी। डाक मतपत्रों की गणना शुरू होने के तीस मिनट बाद ईवीएम से मतगणना प्रारंभ होगी। डॉ. जोशी ने मतगणना से संबंधित व्यवस्थाओं के अलावा मतगणना संबंधी प्रावधानों व आयोग के दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया।

## बालको प्रवास के दौरान मजदूरों की समस्याओं से रूबरू हुए यूनियन के पदाधिकारीगण

**कोरबा (विश्व परिवार)।** भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारीगण बालको प्रवास के दौरान मजदूर साथियों से मिले और उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। बैठक की अध्यक्षता बालको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शरद नायर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शोभा सिंहदेव (प्रदेश अध्यक्षा), राधेश्याम जायसवाल (राष्ट्रीय मंत्री), लक्ष्मण चंद्रा (राष्ट्रीय पर्यावरण मंच प्रभारी) नवरतन बरेठ (जिला मंत्री कोरबा), हरिशंकर चतुर्वेदी (जिला मंत्री दुर्ग) उपस्थित रहे। भारत माता, भगवान विश्वकर्मा और दत्तोपंत ठेंगड़ी के चलचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। अतिथियों का स्वागत कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा पुष्प व अंगवस्त्र प्रदान करके किया गया। महासचिव माखन वर्मा के द्वारा स्वागत उद्बोधन व संघ की वर्तमान स्थिति के बारे में अतिथियों को अवगत कराया गया। राधेश्याम जायसवाल, नवरतन बरेठ, दिनेश पांडेय व शोभा सिंहहदेव आदि अतिथियों के द्वारा तेजस्वी विचार मजदूर साथियों के बीच व्यक्त किया गया। सभी ने संघर्ष की बात करते हुए, चरणबद्ध नीति बनाकर हर कार्य को साधने की सलाह दी व हर प्रकार के मार्गदर्शन व सहयोग हेतु आश्वस्त किया। सभा के बाद कार्यकारिणी के साथ अतिथियों ने बैठक की।

## कुसमुंडा में क्षतिग्रस्त बंकर को सुधारने का काम तेज

### सुधार के बाद कन्वेयरिंग सिस्टम से साइलो तक पहुंचेगा कोयला

**कोरबा (विश्व परिवार)।** कोल इंडिया की आनुषांगिक कंपनी एसईसीएल के कुसमुंडा खदान परिसर में क्षतिग्रस्त हुए बंकर को सुधारने का काम एसईसीएल प्रबंधन द्वारा तेज कर दिया गया है। खनन फेस से कन्वेइंग सिस्टम के जरिए दो बंकरों से होकर साइलो तक कोयला सप्लाई का है। यह शुरू होने के बाद क्रशर प्लांट तक भारी वाहनों से कोयला लाना नहीं पड़ेगा। इससे समय की बचत होगी। साथ ही मालगाड़ी से कोयला परिवहन में रोजाना की रैक की संख्या बढ़ जाएगी। खनन फेस से सीधे साइलो तक कोयला भेजा जा सकेगा। एसईसीएल कुसमुंडा खदान से सालाना कोयला उत्पादन 55 मिलियन टन से अधिक तक ले जाने भविष्य की योजना से मालगाडियों से कोयले की रैक बढ़ाने माइंस परिसर में 544 करोड़ की लागत से इन पिट कन्वेइंग सिस्टम का निर्माण कराया जा रहा है। इस सिस्टम में दो बंकरों का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके कन्वेयर बेल्ट का एक छोर साइलो और दूसरा खनन फेस तक रहेगा। इससे खनन फेस से कोयले का उठाव कर भारी वाहनों से क्रशर प्लांट तक लाना नहीं पड़ेगा। 8 दिन पहले बंकर क्षतिग्रस्त हो गया था। जनहानि नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया था। हालांकि बंकर का शेड और लोहे का स्ट्रक्चर झुक गया था। अब इसका सुधार कार्य शुरू हो गया है। एरिया सेफ्टी कमेटी ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य कराने वाले निजी कंपनी के अधिकारियों से घटना की जानकारी ली है। रिपोर्ट तैयार कर एसईसीएल प्रबंधन से सुरक्षा की मांग करेंगे। इन पिट कन्वेइंग सिस्टम से दो बंकरों का निर्माण कराया जा रहा है। एक बंकर की क्षमता 20 हजार टन कोयला स्टॉक की है। जब कभी किसी कारण से खदान का उत्पादन प्रभावित हुआ तब भी बंकर में स्टोरेज कोयला साइलो तक पहुंचाकर मालगाडियों में लोडिंग की सुविधा रहेगी। यही कारण है कि कुसमुंडा खदान में इन पिट कन्वेइंग सिस्टम जरिए खनन फेस से बंकर और वहां से साइलो तक कोयला पहुंचाने का है। बंकर से जुडने के बाद साइलो से रोजाना 20 रैक कोयला मालगाडियों से भेजा सकेगा। अभी 10 रैक रोजाना कोयले का परिवहन होता है। इससे कोयला परिवहन क्षमता दोगुनी हो जाएगी।

## खुले डाले में सवारी ढोते पकड़े मालवाहक पर जुर्माने के साथ किया गया 3 माह के लिए लाइसेंस निलंबित

### पुनः पकड़े गए तो निरस्त हो जाएगा लाइसेंस




**कोरबा (विश्व परिवार)।** कोरबा जिलान्तर्गत शहरी और ग्रामीण इलाके में बस या ऑटोरिक्शे के सुरक्षित सफर के विपरीत खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पिकअप या मेटाडोर जैसे खुले डाले के वाहनों में खतरा मोल लेकर आना-जाना करते हैं। ऐसे में हुआ मा छोटा हादसा भी बड़े नुकसान का कारण बन सकता है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें मालवाहकों पर बैठे सवारियों को जानलेवा दुर्घटना का शिकार बनना पड़ा। हाल ही में बड़ी दुर्घटना कवर्धा और उसके बाद एक हादसा कोरबा जिले में भी सामने आया। इन घटनाओं की रोकथाम को लेकर प्रशासन व पुलिस द्वारा लगातार जांच एवं सख्त कार्यवाही अभियान चलाया जा रहा है। खुले डाले में सवारियों को ढोकर दौड़ रहे मालवाहनों की लापरवाही लोगों के लिए कई बार जानलेवा साबित होती है। मौजूदा स्थिति में ऐसे अनेक हादसे सामने आए हैं, जिनसे सबक लेकर अब शासन-प्रशासन एक्शन मोड पर है और बीते कुछ दिनों से ताबड़तोड़ कार्यवाही भी की जा रही है। जिला परिवहन विभाग और यातायात पुलिस का दल शहर व उपनगरीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले मार्गों पर लगातार जांच अभियान चला रहा है। जहां बड़ी संख्या में ऐसे मालवाहक वाहनों को पकड़ा गया, जिनके चालक खुले डाले पर सवारी लेकर दौड़ रहे थे, उनके ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी कड़ी में अब तक दो ऐसे मालवाहकों के चालकों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, जो खुली गाड़ी में सवारी लेकर परिचालन करते सड़क पर पकड़े गए हैं। इनमें मुड़ापार क्षेत्र में रहने वाला चालक के लाइसेंस के निलंबन की कार्यवाही भी की जा रही है। यातायात पुलिस के सहयोग से जांच अभियान के साथ पिछले कुछ दिनों में जुर्माने की ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। जिला परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मालवाहक वाहन में सवारी ढोते पहली बार पकड़े गए चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित किए जा रहे हैं।

## कोरबा से जांजगीर के लिए निकला सुरक्षा कर्मी लापता, जानकारी देने की अपील

**कोरबा (विश्व परिवार)।** जिला कोरबा के दीपिका से जांजगीर जिला अंतर्गत अपने गृह ग्राम के लिए निकाला निजी कंपनी का एक सुरक्षा कर्मी लापता हो गया है। परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा जिले के ग्राम कचंदा (सलखन ) निवासी हीरेन्द्र कुमार टण्डन एक निजी सुरक्षा कम्पनी एस आई एस में काम करता है। गत 23 मई 20254 को वह अपने घर कचन्दा जाने के लिए दीपिका से रवाना हुआ था। लेकिन एक सप्ताह बाद भी वह अपने घर नहीं पहुंचा है। परिजन उसकी तलाश कर रहे हैं। परिजनों ने आम नागरिकों से अपील की है कि हीरेन्द्र कुमार टण्डन के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी है या जानकारी मिलती है तो प्रवीण कुमार मोबाइल नम्बर 78697 62173 या निखिलेश कुमार मोबाइल नम्बर 70492 02161 पर सूचित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएमएचओ ने मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**रायगढ़ (विश्व परिवार)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने आज मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने एवं अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आईपीडी में भर्ती सभी मरीजों से उनका हालचाल जाना व अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति की जानकारी लेते हुए ओपीडी, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, भंडार कक्ष सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही समस्त कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने व आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए, जिन स्थानों पर ए.सी. कार्य नहीं कर रहा है उन्हें दो दिवस के भीतर सुधारने के लिये निर्देश दिये। सीएमएचओं ने गर्भवती महिलाओ का एनीमिक होना व एनीमिक पाये जाने पर उनका सही ढंग से फालोअप लेना जैसे- आयरन व कैल्शियम की दवा का फालोअप करना, सही ढ़ंग से प्रत्येक एएनसी जांच पर उनका हीमोग्लोबिन, बी.पी, यूरिन शूगर, यूरिन एल्बुमिन की जांच करने हेतु निर्देश दिये।

### बोइदा के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कोरबा (विश्व परिवार)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा के छात्रों ने शासन प्रशासन के विशेष आदेश पर एवं समर कैंप के तहत छात्रों में उनके अंदर छिपी विशेष प्रतिभा को उभरते हेतु कौशल विकास औद्योगिक शिक्षण विकास उद्देश्य पूर्ति हेतु प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण पर व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी व शैक्षिक भ्रमण प्रभारी राजेंद्र कुमार नायक के प्रमुख मार्गदर्शन पर औद्योगिक शैक्षिक भ्रमण कराया गया। जिसमें सैय्यद जावेद अली,कुलदीप सिंह, आकाश श्रीवास्तव द्वारा मारुति पावर प्लांट की कॉन्फ्रेंस हाल में प्लांट के समस्त उत्पादन गतिविधि के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए 25 एकड़ में फैला यह प्लांट राजस्थान हेतु मुख्य रूप से बिजली उत्पादन करता है प्लांट के उत्पादन हेतु समस्त एक-एक पाट्र्स के बारे में कन्वेयर बेल्ट, बॉयलर, टरबाइन, कूलिंग टावर, चिमनी बिजली वितरण आदि समस्त अंगों के बारे में बताते हुए पूरा प्लांट का भ्रमण कराया गया जो कि छात्रों हेतु औद्योगिक विकास कौशल विकास में महत्वपूर्ण होगा लंच पश्चात अगला शैक्षिक भ्रमण यू के शर्मा द्वारा आर्यन कोल बेनिफिशियरी जहां कोयले को पूर्ण रूप से संक्षारित करके पावर प्लांट में भेजते हैं जिससे पाए जाने वाली अशुद्धियां ना हो और शुद्ध हो यही कार्य करते हैं बताते हुए पूरे प्लांट में भ्रमण कराया गया जिससे छात्रों के अंदर औद्योगिक शिक्षा व कौशल विकास हेतु सार्थक व महत्वपूर्ण सिद्ध होगा साथ विद्यालय में लगातार समर कैंप के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित है इस अवसर में कोल बेनिफिशियरी सदस्यों के साथ राजेंद्र कुमार नायक शैक्षिक भ्रमण प्रभारी,परमेश्वर राम मराठा,चोढा से विजेंद्र पाल गोड़,हेमंत कुमार नोर्गे,उड़ता से राजमहल निर्मलकर,आर डी पटेल,उपेश राजपूत,धनीराम भगत के साथ स्वयंसेवक आरती पटेल,प्रतीक्षा गेंदले,महेश्वरी पटेल,टीसा मरावी,लकेश्वर प्रसाद श्रीवास,वीरेंद्र कुमार यादव,दिव्या कंवर,रितु पटेल,कुमारी पोतें,अमर बाई के साथ चोड़ा व उड़ता के समस्त छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

### निगम क्षेत्र के वार्ड 58 में पानी की समस्या

**कोरबा (विश्व परिवार)।** पिछले दो तीन साल से पानी की समस्या को लेकर नगर निगम ने नल जल योजना की शुरुआत की और बड़ी मशक्कत के बाद पाइन के पानी के लिए भटकते लोगो को राहत मिली थी । पर निगम की अनदेखी ने एक बार फिर वार्ड के लोगो को पानी के लिए भटकने मजबूर कर दिया है। ऐसे में निगम के अधिकारी मौन दिखाई दे रहे है। पिछले कुछ सालों से नगर निगम कोरबा ने अपने सभी वार्डो में नल जल योजना के तहत पानी की समस्या को दूर करने का अभियान चलाया था । जिसके तहत सभी वार्डों में पानी की समस्या दूर हो गई थी, पर सडकों में हो रहे कार्य निगम के द्वारा लगाए गए पाइप लाइन को नुकसान पहुंचाते आ रहे है । जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पाइप लाइन की देखरेख का जिम्मा भी निगम के पास है लेकिन विभाग पाइप लाइन की मरम्मत को लेकर निष्क्रिय नजर आ रहा है। जिसका सीधा उदाहरण वार्ड क्रमांक 58 में देखा जा सकता है । बीते दो तीन दिनों से मेन लाइन में खराबी आई हुई है जिसका सुधार कार्य अभी तक नही हो पाया है जिसके कारण वार्ड के लोगो को निजी बोर रखने वाले लोगो से पानी के लिए मदद मांगनी पड़ी रही है। वहीं वार्ड में रहने वाले अधिकांश लोगों ने अपने टेप नल में ही टुल्लू पम्प लगा लिया है। जिसके कारण वार्ड में पानी की समस्या बनी हुई है।

# संपादकीय

## लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं

भीषण गर्मी और पश्चिम बंगाल में कुछ केंद्रों पर परस्पर विरोधी राय रखने वालों के बीच झड़प के बीच शनिवार को लोक सभा चुनाव के छठे चरण, जिसके तहत 8 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर मतदान हुआ, में औसतन 61.22 फीसद मत पड़े। दिल्ली की सातों संसदीय सीटों के लिए मतदान 58.52 फीसद पर सिमट गया। पिछली बार यह 60.52 फीसद था। चुनाव आयोग के अनुसार सुबह सात से शाम छह बजे तक चले मतदान में पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 78.19 फीसद वोट डाले गए जबकि उत्तर प्रदेश में 54.03 फीसद मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। छठे चरण के मतदान के साथ ही लोक सभा की 486 सीटों के लिए चुनाव पूरा हो चुका है। अब आखिरी और सातवे चरण में एक जून को 57 सीटों पर मतदान होगा और इसी के साथ लोक सभा की सभी सीटों के लिए मतदान पूरा हो जाएगा। परिणाम 4 जून को आएंगे। बहरहाल, लोक सभा चुनाव 2024 अपनी शुरुआत से ही कम मतदान प्रतिशत से चिंता में डाले हुए है। लोगों का अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने में इस प्रकार इस प्रकार से कम दिलचस्पी लेना यकीनन मजबूत लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। जीवंत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मतदाता पूरी सक्रियता और तन्मयता से चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा बने, लेकिन पहले चरण से ही देखने में आया कि मतदान के रोज अनेक मतदाता अपने परिवार के साथ घूमने-फिरने निकल पड़े। कुछ कहते सुने गए कि उनके परिवार के मत न भी पड़े तो क्या फर्क पड़ेगा। जीतने वाली पार्टी को जीत ही जाएगी। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी होने के कारण भी मतदाता वोट करने घर से नहीं निकल रहे। चुनाव आयोग ने पहले चरण के कम वोट प्रतिशत रहने पर अपनी कोशिशें और तेज कर दीं ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाता वोट करने से घरों से निकलें, लेकिन मतदाता की उदासीनता टूटने में नहीं आ रही। दिल्ली जैसे राजधानी शहर, जहां के निवासी बनिस्बत पढ़े-लिखे और जागरूक माने जाते हैं।

# नईसरकार की प्राथमिकता हो सेवा निर्यात

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

साथ ही सेवा निर्यात बढ़ाकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) सहित नए डिजिटल कौशल से दक्ष देश की नई पीढ़ी के लिए रोजगार के नए मौके भी तेजी से निर्मित करके नई पीढ़ी को नई मुस्कुराहट दे। गौरतलब है कि कल तक पूरी दुनिया में भारत का सेवा निर्यात तेज रफ्तार से बढ़ रहे चमकीले सेक्टर के रूप में रेखांकित होता रहा है, लेकिन अब भारत के इसी प्रभावी सेवा निर्यात ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सुस्त रफ्तार दिखाई है। सेवा निर्यात की यह रफ्तार पिछले तीन साल में सबसे कम रही है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। ऐसे में गत वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 339.62 अरब डॉलर का रहा, जबकि वस्तु निर्यात 3.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा है। निश्चित रूप से बीते कुछ वर्षों में भारत के निर्यात का एक चमकदार पहलू सेवा निर्यात रहा है। भारत ने डिजिटल माध्यम से मुहैया करायी गयीं सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मासिक बुलेटिन में प्रकाशित एक शोध आलेख के पिछले तीस वर्षों में यानी 1993 से 2022 के बीच भारत का सेवा निर्यात 14 फीसदी से अधिक की समेकित सालाना वृद्धि दर से बढ़ा। यह 6.8 फीसदी की वैश्विक सेवा निर्यात वृद्धि की तुलना में बेहतर है। परिणामस्वरूप समान अवधि में सेवा निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 0.5 फीसदी से बढकर 4.3 फीसदी जा



पहुंची। इसी आधार पर भारत दुनिया में सातवां सबसे बड़ा सेवा निर्यातक देश बन गया है, जबकि वर्ष 2001 में सेवा निर्यात के मामले में भारत 24वें स्थान पर था। खास बात यह भी है कि दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना सेवा निर्यात के क्षेत्र में भारत दुनिया में दूसरे और सांस्कृतिक तथा मनोरंजक सेवा निर्यात में छठे स्थान पर है। विश्व व्यापार संगठन की एक नई रिपोर्ट के अनुसार यदि केवल डिजिटल माध्यम से जुड़ी हुई सेवाओं के निर्यात के आधार पर मूल्यांकन करें तो इस क्षेत्र में भारत जर्मनी और चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में अमेरिका, ब्रिटेन और आयरलैंड के बाद चौथे क्रम पर आ गया है। निश्चित रूप से भारत सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है। नि:संदेह भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात बढ़ रहा है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वर्ष 2015-16 से लगातार वर्ष 2022-23 के बीच भारत में जीसीसी की संख्या 60 फीसदी बढकर 1600 से अधिक हो गई है। जीसीसी भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा स्थापित विशेष केंद्र हैं जिनका मकसद स्थानीय प्रतिभा का फायदा उठाना, अधिक से अधिक परिचालन दक्षता हासिल करना और नए बाजारों तक पहुंचना है। जीसीसी सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी), वित्त, मानव संसाधन, ग्राहक सेवा, विश्लेषण और कारोबारी प्रक्रियाओं के संचालन सहित तमाम क्षेत्रों में कार्य करते हैं। गोल्डमैन सैक्स ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा कि भारत में जीसीसी की आय पिछले 13 वर्षों में 11.4 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक दर (सीएजीआर) से बढ़ी और चार गुना होती हुई वित्त वर्ष 2023 में 46 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि बीते कुछ दशकों से भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम पहलू सेवा निर्यात रहा है। इसने न केवल व्यापार घाटे को थामे रखने में मदद की है, बल्कि इनसे देश में रोजगार निर्माण में सहारा दिया है। भारत ने वैश्विक सेवा व्यापार में प्रतिस्पर्धी क्षमता भी प्रदर्शित की है। दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्रों में भारत की लगातार पहचान बढ़ी है। लेकिन अब सेवाओं के निर्यात में कमजोर वृद्धि की मुख्य वजह विकसित अर्थव्यवस्थाओं से मांग नरम रहना है। वित्त वर्ष 2024-25 में भी सेवा निर्यात की हालत कमजोर ही रहने की आशंका है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था और विशेष तौर पर अमेरिका एवं यूरोप में उच्च ब्याज दरों के कारण मांग में नरमी रहेगी तथा युद्धजनित परिस्थितियों से वैश्विक व्यापार में कमी आएगी। निश्चित रूप से जिस तरह से ईरान-इजराइल के बीच टकराव और दुनिया में भूराजनीतिक मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं, उससे कच्चे तेल के दाम के साथ-साथ आपूर्ति संकट बढने की चिंताएं मुंहबाए खड़ी हैं। इससे भारत के वैश्विक व्यापार व निर्यात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढना होगा। चूंकि इस समय विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश अपने तट के आसपास के देशों में कारोबार पर जोर दे रहे हैं, यह भारतीय निर्यातकों के लिए भी चुनौती है। लेकिन यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करना होंगे। भारत को अपने निर्यात में विविधता लाने और अन्य उभरते क्षेत्रों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अब हमें सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम करके आउटसोर्सिंग की संभावनाओं वाले अन्य देशों में भी कदम बढ़ाना होंगे। खासतौर से आउटसोर्सिंग की नई संभावनाएं उत्तरी यूरोप, पूर्वी एवं मध्य यूरोप के देशों, कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया और पूर्वी एशियाई देशों, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका जैसे देशों में और बढ़ गई है। भारत की आईटी सेवा कंपनियों को गैर-अंग्रेजी भाषी देशों में कारोबार में आगे बढने के लिए कार्मिकों को जापानी, कोरियाई व अन्य भाषाओं में प्रशिक्षण देने पर व्यय किया जाना होगा ताकि इन देशों के बाजारों तक भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स की पहुंच बनाई जा सके। अब हम उम्मीद करें कि 4 जून के बाद गठित होने वाली देश की नई सरकार देश की नई पीढ़ी को आईटी के नए दौर की शिक्षा देने के लिए समुचित निवेश की व्यवस्था को उच्च प्राथमिकता देते हुए दिखाई देगी। हमें नए दौर की तकनीकी जरूरतों और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण से नई पीढ़ी को सुसज्जित करना होगा।

## विशेष लेख

# सुधारात्मक कदम उठाने की जरूरत

भले ही भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है, लेकिन अभी तक भारत में गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा प्राप्त करने के पर्याप्त विकल्प एवं अवसर उपलब्ध नहीं हैं। यही वजह है कि यहां के छात्र विदेश पढ़ने जाते हैं। हालांकि ये छात्र वहां पढ़ाई के क्षेत्र में दुारियों से ज्यादा अपनी जान को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। दरअसल, कई मुल्कों में भारतीय छात्रों पर जानलेवा हमले की संख्या बढ़ी है। बहरहाल, आज देशभर में 1000 से अधिक विविद्यालय और 42,000 से अधिक कॉलेज उच्च शिक्षा प्रदान करने का काम कर रहे हैं, लेकिन इनके पास अभी भी पर्याप्त पूंजी, कुशल शिक्षक और आधारभूत संरचना की कमी है। भारत का कोई कॉलेज या विविद्यालय आज भी दुनिया में शीर्ष 10 स्थानों पर काबिज नहीं है। भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के बावजूद सबसे बड़ी चुनौती है छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, जिसे बुनियादी सुविधाओं, कुशल शिक्षक और पूंजी उपलब्ध कराकर प्रदान किया जा सकता है। विदेश में बड़ी संख्या में छात्रों द्वारा शिक्षा ग्रहण के कारण भारत से पूंजी का बहाव विदेशों में हो रहा है और साथ में प्रतिभा का पलायन भी हो रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार जनवरी 2023 तक 15 लाख भारतीय छात्र विदेशों में पढ़ाई कर रहे थे, जबकि 2022 में यह संख्या 13 लाख थी और 2024 में इस संख्या के 24 लाख पहुंचने की संभावना है। 2020 से 2021 के दौरान विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों की संख्या में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों से ज्यादा बच्चे विदेश में शिक्षा ग्रहण करने जा रहे हैं, जिसका कारण सामाजिक स्टेटस सिंबल और विदेश में रहने की ललक है। विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों में से 20 प्रतिशत छात्र ही अपनी पढ़ाई पूरी करके विदेश से भारत वापिस लौटना चाहते हैं, जबकि 80 प्रतिशत छात्र वहीं बसना चाहते हैं। विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों में 35 प्रतिशत छात्र अमेरिका में शिक्षा हासिल कर रहे हैं। आज अमेरिका के शिक्षण संस्थानों में हर 4 छात्रों में से 1 छात्र भारतीय मूल का है। 2024 में ये छात्र विदेशों में 75 से 85 अरब डॉलर रुपए खर्च कर सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में विदेशी मुद्रा में 5 अरब रुपए खर्च किए गए। कोरोना महामारी के शुरू होने से पहले विदेशों में अध्ययनरत छात्र विदेश की अर्थव्यवस्थाओं में 24 बिलियन डॉलर का व्यय किए थे, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1 प्रतिशत था। 2024 में इस राशि के बढ़कर 80 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। अगर भारतीय छात्र विदेश पढ़ाई करने नहीं जाते तो विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल आयात की जरूरत को पूरी करने में किया जाता, देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आती, अर्थव्यवस्था में मजबूती आती, देश की शिक्षा व्यवस्था मजबूत होती, देश की प्रतिभा का इस्तेमाल देश में किया जाता आदि। आंकड़ों के अनुसार चीन के बाद भारत से सबसे अधिक छात्र विदेश पढ़ने जाते हैं। भारतीय छात्र उच्च शिक्षा जैसे, मेडिकल, इंजीनियरिंग, व्यवसाय प्रबंधन में डिग्री एवं डिप्लोमा हासिल करने के लिए चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, यूक्रेन, रूस, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, अमेरिका आदि देश जा रहे हैं। मेडिकल की डिग्री हासिल करने के लिए भारतीय छात्र लगभग 3 दशकों से रूस, चीन, यूक्रेन, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, फिलीपींस आदि देश जा रहे हैं, क्योंकि भारत में मेडिकल सीट कम होने की वजह से यहां मेडिकल की पढ़ाई बहुत ही महंगी है। राष्टीय चिकित्सा आयोग के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में देशभर में महज 596 मेडिकल कॉलेज थे, जहां कुल मेडिकल सीटों की संख्या महज 88,120 थी। हालांकि, इंजीनियरिंग की पढाई करने के लिए विदेश जाने के दृष्टान्त कम हैं। गाहे-बगाहे बीते कई वर्षो से विदेशों में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की हत्या और उनके साथ भेदभाव व्यवहार किया जा रहा है, लेकिन कोरोना महामारी और रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद विदेश में अध्ययनरत छात्रों की सुरक्षा को लेकर ज्यादा चिंता महसूस की गई, क्योंकि इस अवधि में अनेक देशों में हजारों छात्र कोरोना महामारी के शिकार बने। वहीं, महामारी के दौरान आस्ट्रेलिया के शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे छात्रों के लिए वहां की सरकार ने देश की सीमाएं भी बंद कर दी थी।इससे इतर, रूस एवं यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के कारण युद्ध के शुरु आती दौर में यूक्रेन में 20,000 से अधिक छात्र फंस गए थे।

# ममता संवैधानिक व्यवस्था से ऊपर नहीं

**योगेंद्र योगी**

भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शगल बन गया है। ममता को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति नजर आती है, इसके लिए बेशक कानून की कितनी ही धज्जियां क्यों न उड़ानी पड़ी। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान और न्यायपालिका में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शगल बन गया है। ममता को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति नजर आती है, इसके लिए बेशक कानून की कितनी ही धज्जियां क्यों न उड़ानी पड़ी। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े इन मुद्दों पर भी केंद्र की भाजपा सरकार की खिलाफत की है। कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के हाइकमान ने भी कभी ऐसे आरोप केंद्र की भाजपा सरकार पर नहीं लगाए, जैसे कि ममता बनर्जी लगाती रही हैं। ममता ने भ्रष्टाचार, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग, राजनीतिक आधार पर बंदरबाट जैसे मुद्दों पर अदालतों से जितनी फटकार खाई है, उतनी देश के किसी राजनीतिक दल की सरकार ने नहीं खाई। इतना सब कुछ होने के बावजूद ममता बनर्जी अपनी आदतों से बाज नहीं आई हैं। नया मामला पश्चिमी बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को अदालत द्वारा रद्द करने का है। इस आदेश को सदाशयता से मान कर अपील करने की दलील देने के बजाए मुख्यमंत्री ममता ने ही फैसला देने वाले हाईकोर्ट के न्यायाधीश पर भाजपा समर्थक होने का आरोप लगा दिया। ऐसा करके ममता ने बगैर किसी भय के सरेआम अदालत की अवमानना कर दी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वह इस आदेश को स्वीकार नहीं करेंगी, जो तपशिली समुदाय को दिए गए अधिकार छीन लेगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत 2011 से बंगाल में जारी अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमाणपत्रों को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने कहा, हालांकि, इससे वर्तमान में शैक्षणिक संस्थानों में नौकरी या सीटें रखने वाले या जाति प्रमाण पत्र के साथ आवेदन दाखिल करने वाले लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पश्चिम बंगाल में ओबीसी आरक्षण की पूरी कहानी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गठित सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर आधारित है। उस रिपोर्ट में देश में मुस्लिम समुदाय की स्थिति के बारे में विस्तृत बातें की गई थीं। रिपोर्ट में कहा गया था कि पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों में केवल 3.5 फीसदी ही मुस्लिम थे। इसी को आधार बनाकर 2010 में पश्चिम बंगाल की वाम मोर्चा सरकार ने 53 जातियों को ओबीसी की श्रेणी में डाल दिया और ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। इस तरह उस वक्त करीब 87.1 फीसदी मुस्लिम आबादी आरक्षण के दायरे में आ गई। लेकिन, 2011 में वाम मोर्चा की सरकार सत्ता से बाहर हो गई और उसका यह फैसला कानून नहीं बन सका। फिर राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सरकार आई और ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बनीं। ममता की सरकार ने इस सूची को बढ़ाकर 77 कर दिया। 35 नई जातियों को इस सूची में जोड़ा गया, जिसमें से 33 मुस्लिम समुदाय की जातियां थीं। साथ ही तृणमूल सरकार ने भी राज्य में ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया।

# चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की परंपरा के उन्नायक त्याग तपस्या की प्रतिमूर्ति वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्द्धमान सागर जी महाराज......

-डॉ. सुनील जैन

भारतीय संस्कृति के उन्नयन में श्रमण संस्कृति का महनीय योगदान है। श्रमण संस्कृति के बिना भारतीय संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस गौरवमयी श्रमण परंपरा में परम पूज्य आचार्य श्री वर्द्धमानसागर जी महाराज का अहम योगदान है। हम सभी का परम सौभाग्य है कि परम पूज्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की महान परंपरा के पट्टाचार्य का दर्शन लाभ प्राप्त हो रहा है।



चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की परंपरा के उन्नायक आचार्यश्री निरंतर आत्म साधना और प्रभावना में तत्पर हैं। आपका संघ त्याग तपस्या के लिए पूरे भारत में विख्यात है। संघ में आपका अनुशासन देखने योग्य है। आपकी वाणी से हजारों-हजार प्राणियों का कल्याण हो रहा है। आपका सभी के प्रति वात्सल्य भाव अनूठा है। कोई भी आपके चरणों में पहुँच जय, बस आपका होकर रह जाता है। आपकी सबसे बड़ी विशेषता है कि आप किसी की निंदा, आलोचना कभी नहीं करते, न ही किसी विवादास्पद चीजों में पड़ते हैं। उन्होंने जो भी बीड़ा उठाया वह अपने आप में एक बेमिसाल कदम हैं। भगवान आदिनाथ से लेकर भगवान महावीर तक के सिद्धांतों- शिक्षाओं को जन -जन तक पहुंचा कर इस दीक्षा को सार्थक किया। उन्होंने भगवान महावीर के सर्वोदय तीर्थ को पढ़ा चिंतन से उसकी युगानुरूप छटा भी बिखेरी। चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शान्तिसागर जी महाराज की परम्परा के पंचम पट्टादीश होने का आपको गौरव प्राप्त है, इस पंचम काल में कठोर तपश्चर्या धारी मुनि परम्परा को पुन: स्थापित करने का जिन आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज को गौरव हासिल हुआ है, उसी परम्परा के पंचम पट्टाधीश के रूप निर्दोष -चर्या का पालन करते हुए पूरे देश में धर्म की गंगा बहाने का पुण्य मिलना निश्चित इस जन्म के अलावा पूर्व जन्म की साधनाओ का ही सुफल है। आचार्य श्री वर्धमानसागर जी अत्यंत सरल स्वभावी होकर महान क्षमा मूर्ति शिखर पुरुष हैं, वर्तमान वातावरण में चल रही सभी विसंगताओं एवं विपरीतताओं से बहुत दूर हैं, उनकी निर्दोष आहार चर्या से लेकर सभी धार्मिक किर्याओं में हम आज भी चतुर्थ काल के मुनियों के दर्शन का दिग्दर्शन कर सकते हैं।

नमस्कार से चमत्कार :

चमत्कार को नमस्कार नहीं, बल्कि नमस्कार में छुपा हुआ होता है अगर भक्ति निष्काम हो तो 7 आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज जब मुनि अवस्था में थे तब दीक्षा के उपरांत महाराज की नेत्र ज्योति चले गई थी, तब उन्होंने जयपुर (खानिया जी) के चन्द्रप्रभु मंदिर में शांति भक्ति का पाठ किया था तब 52 घंटो के बाद नेत्र ज्योति वापस आई थी।

चारित्र चक्रवती प्रथमचार्य श्री 108 शांति सागर जी महाराज की अक्षुण्ण पट्टपरम्परा के चतुर्थ पट्टाचार्य श्री 108 अजित सागर जी महाराज पत्र के माध्यम से लिखित आदेश अनुसार पारसोला राजस्थान में 24 जून 1990 आषाढ़ सुदी दूज को आचार्य पद गुरु आदेश अनुसार दिया गया।

सल्लेखना समाधि :

वात्सल्य वारिधि यथा नाम तथा गुण यह पंक्ति आप पर चरितार्थ होती है आप साधुओ की सल्लेखना इतने वात्सल्य भाव मनोयोग करुणा भाव से कराते है कि हर श्रावक श्राविका साधु की यही कामना होती है कि उनका उत्कृष्ट समाधिमरण आपके सानिध्य में हो।

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा :

आचार्य पद के बाद 58 से अधिक पंच कल्याणक प्रतिष्ठा आपके सान्निध्य में हुई हैं।

प्रभावनामयी चातुर्मास :

आचार्यश्री ने 12 राज्यों राजस्थान, दिल्ली ,हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक ,तमिलनाडु, झारखंड, बिहार ,बंगाल व मध्यप्रदेश में ये मंगल प्रभावनामयी चातुर्मास किये हैं।


गोमटेश्वर महामस्तकाभिषेक में तीन बार सानिध्य

उल्लेखनीय है कि श्रवणबेलगोला कर्नाटक में बाहुबली भगवान के सुप्रसिद्ध महामस्तकाभिषेक में वर्ष 1993, 2006 एव वर्ष 2018 में प्रमुख नेतृत्व दिया गया। श्री श्रवणबेलगोला महामस्तकाभिषेक में भारत के राष्ट्रपति जी , प्रधानमंत्री जी

मुख्यमंत्री जी,राज्यपाल सहित अनेक वरिष्ठ राजनेताओं ने आशीर्वाद प्राप्त कर जीवन को धन्य बनाया।

अचार्यश्री से जुड़े विशेष उल्लेखनीय तथ्य :

1 . पानी की व्यवस्था गुजरात में आहार के




लिए पानी कुए का पानी लबालब हुआ।

2 . श्रवणबेलगोला में 1993 में मूसलाधार वर्षा से पानी की समस्या दूर ।

3,. कोथली में प्रवेश के पूर्व नदी- नाले,कूप पानी से लबालब।

4. कमंडल के पानी से श्रावक बालक को नया जीवन मिला।

5. 13 का अशुभ अंक बना शुभ- आपके जन्म के पूर्व 8 भाई और चार बहनों ने जन्म लिया जो काल के ग्रास बने। 13 वी संतान का अंक आपके जन्म से शुभ बना और आप जगत के तारणहार हो गए

मानव से महामानव हो गए। आप के बाद चौदहवीं संतान भी बाद में जीवित नहीं रही।आप माता-पिता की एकमात्र जीवित संतान हैं।

6.पैर में चक्र :कनक गिरी में आपके पैर में कष्ट होने पर भट्टारक स्वामी जी ने देखा कि आपके पैर में चक्र है जो कि इस बात का सूचक है कि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के द्वारा जैन धर्म का प्रचार-प्रसार और बहुत प्रभावना होगी ।

7. अद्भुत संयोग: बारह संतानों के निधन के कारण

माता-पिता ने श्री महावीरजी में उल्टा स्वस्तिक बनाकर उनके लंबे जीवन की कामना की थी, यह संकल्प किया था कि इनके जन्म के बाद इनके बाल उतारेंगे इनके बाल निकालेंगे। संयोग कहें कि इनकी मुनि दीक्षा वही श्री महावीरजी में हुई और उनके केशलोच हुए।

8. पद के प्रति उदासीनता । उपाध्याय पद लेने से इनकार।

9. अचार्यश्री का प्रमुख संदेश समाज में कैंची नहीं सुई बनकर रहो। जहाँ जो परंपरा चल रही है उससे छेड़छाड़ न करें।

10. इचलकरंजी सहित अनेक नगरों की समाज को एक किया ।अपूर्व वात्सल्य बीमार श्रावक को दर्शन देने स्वयं चलकर गए । टोडारायसिंह में दिगंबर श्वेतांबर समाज को एक किया।

11. कोई प्रोजेक्ट नहीं। पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्द्धमान सागर जी के नाम पर कोई क्षेत्र या गिरी नही है । श्रावक के दान का सदुपयोग हो यही उनकी मंगल प्रेरणा रहती है।

उनके जीवन की बहुत विशेषताएं हैं। वे परिस्थितियों के सामने झुके नहीं, उपसर्गों व परीषहों से वे डरे नहीं और रुके नहीं, निरंतर गतिमान उनका जीवन रहा है और आदर्शमय चारित्र के द्वारा जहां एक ओर धर्म की प्रभावना की उसके साथ ही उन्होंने आदर्श जीवन को रखकर हम सब का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनका मार्ग आगम सम्मत ही होता है। हमारी संस्कृति की सुरक्षा में उनका अविस्मरणीय अवदान है। विचार ओर आचार की क्रिया विधि रूप जीवन शैली में अद्भुत सहजता है आचार्यश्री वर्द्धमान सागर जी में, इसीलिए वे वात्सल्य वारिधि हैं एवं विचार और आचार परिशुद्धि में निरंतर वर्द्धमान। आचार्यश्री का कहना है कि मैं अपनी क्रिया छोडूंगा नहीं और आपको अपनी क्रिया करने के लिए बाध्य भी नहीं करूंगा। यह समन्वय का सूत्र उन्होनें दिया है। आचार्य श्री वर्द्धमानसागर जी श्रमण परम्परा व धर्म और संस्कृति की ध्वजा निरंतर लहरा रहे हैं । मेरा सौभाग्य रहा है कि पूज्य आचार्यश्री का मङ्गल आशीर्वाद मुझे अनेकों अवसरों पर मिला है तथा उनके सान्निध्य में आयोजित विद्वत संगोष्ठियों का संयोजन करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ तथा पुरस्कार समर्पण समारोह में भी संयोजन करने का सुअवसर मिला है। पूज्य आचार्यश्री की प्रेरणा से चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के आचार्य पदारोहण के 100 वर्ष होने पर आचार्य पद पदारोहण शताब्दी महोत्सव 2024-25 अगाध श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाए जाने की व्यापक तैयारियां चल रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकमाता अहिल्या देवी जयंती 31 मई को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में लोकमाता अहिल्या देवी जयंती दिनांक 31 मई 2024



शुक्रवार को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोकमाता अहिल्या देवी जयंती दिनांक 31 मई 2024 शुक्रवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। लोकमाता अहिल्या देवी जयंती दिनांक 31 मई 2024 शुक्रवार को किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। लोकमाता अहिल्या देवी जयंती दिनांक 31 मई 2024 शुक्रवार को नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस बिक्री पर छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिबन्ध आदेश का परिपालन सुनिश्चित करवाने अपने -अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों में सतत पर्यवेक्षण करेंगे।

### योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ



**अशोकनगर ( विश्व परिवार )।** स्वयं स्वस्थ बनो अभियान द्वारा मानोरिया परिवार के सहयोग से वर्धमान विद्यालय में आयोजित दस दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण एवं प्राकृतिक जीवन जागृति शिविर का बुधवार को दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। संस्था के संरक्षक सुभाष जैन कैंची एवं चेयरमेन सन्दीप बड़कुल ने बताया कि इस शिविर के दौरान योग विशेषज्ञ एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ.गीता जैन मुम्बई एवं प्रशिक्षण सहयोगी दीपक जानी द्वारा लगातार दस दिनों तक योग प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं प्राकृतिक जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी। प्रथम दिन योग के बारे में प्रारम्भिक जानकारी देने के साथ-साथ शरीर के जोड़ों के लिए लाभकारी मेरेडियन एक्सरसाइज कराई गई।गुरुवार को वज्रासन, उठित एकपादासन, अर्द्धपवन मुक्तासन, सेतुबंधासन, मार्जरासन, पर्वतासन, चैतन्यासन का अभ्यास कराया गया। शिविर में सभी आयु वर्ग के 205 सहसाधक भाग ले रहें है।ज्ञातव्य है कि अशोकनगर में सन 2002 से निरन्तर योग शिविर आयोजित किये जा रहे है। डॉ. गीता जैन पूरे भारत वर्ष में योग शिविरों के माध्यम से लोगो को जागृत कर स्वस्थ रहने की कला सिखा रही है। आपके साथ दीपक जानी आसन करके बताते है।

### निगम जोन 9 की टीम ने दलदलसिवनी में नाली में अचानक गिरी गाय को सुरक्षित बाहर निकाला

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज नगर पालिक निगम जोन नम्बर 9 के तहत कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नम्बर 7 के दलदल सिवनी क्षेत्र के



रहवासियों ने नाली में एक गाय के अचानक गिर जाने की जानकारी नगर पालिक निगम रायपुर को दी. इस जानकारी को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गए आदेशानुसार नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की काऊ कैचर टीम काऊ कैचर वाहन लेकर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानंद साहू, स्वच्छता निरीक्षक श्री महेंद्र कलिहारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री भोला तिवारी की उपस्थिति में तत्काल सम्बंधित नाली के स्थल पहुंची एवं नाली में अचानक गिरी गाय को काऊ कैचर टीम की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाल लिया. दलदल सिवनी आवासीय क्षेत्र के रहवासियों द्वारा नाली में अचानक गिरी गाय को बाहर सुरक्षित निकाले जाने के इस कार्य को लेकर नगर निगम जोन क्रमांक 9 के स्वास्थ्य विभाग की काऊ कैचर टीम की सराहना की गयी।

### आज से आईआईएम आयोजित चिंतन शिविर में मंत्रीगण सीखेंगे गुड गवर्नेस का पाठ

**रायपुर ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के मंत्री आज से आईआईएम रायपुर में आयोजित 'चिंतन शिविर' में भाग लेने जा रहे हैं। दो दिन के इस शिविर में देश के उच्च संस्थानों के विषय विशेषज्ञों का लेक्चर होगा। टाइम टेबल के मुताबिक 31 मई से 1 जून को आयोजित शिविर में राज्य के सभी मंत्री एक रात आईआईएम में ही रहेंगे।विष्णुदेव सरकार के मंत्री और विधायक प्रदेश में लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद दूसरे प्रदेशों में चुनाव प्रचार में व्यस्त हो गए। उनकी यह व्यस्तता आज आखिरी चरण के प्रचार-प्रसार के साथ समाप्त हो गई। अब मतगणना से पूर्व के कुछ दिन फुर्सत के रहेंगे। इसे देखते हुए मंत्रियों को सरकार के कामकाज में कसावट लाने के लिए चिंतन शिविर का आयोजन 31 मई और 1 जून को भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में किया जा रहा है, जिसके लिए टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। दो दिन का ये प्रशिक्षण गुड गवर्नेंस के जरिये राज्य के विकास पर आधारित होगा। इस चिंतन शिविर के प्रारम्भ में रिटायर्ड आईएएस बीवीआर सुब्रमण्यम, सीईओ, नीति आयोग का लेक्चर होगा, जो विकसित छत्तीसगढ़ के 10 वर्षों के विजन के बारे में बताएंगे।

## कर्म सिद्धांत एक अकाट्य सिद्धांत है फल जब भी मिलेगा कर्म के उदय से मिलेगा : मुनिश्री सुधासागर जी महाराज

### महा आरती में सम्मिलित हुए दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी, उपकार महामहोत्सव में बड़ो के साथ वच्चो का बैठना आनंदित कर रहा है-पूर्वकेन्द्रीय मंत्री

**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** कर्म सिद्धांत एक अकाट्य सिद्धांत है फल जब भी मिलेगा कर्म के उदय से मिलेगा। कुंडली वह सत्य है जिसमें यह कर्म कितना फल देगा इसको, यदि ये प्रयास करेगा तो इस प्रकार का परिवर्तन हो सकता है कुंडली नियत नहीं होती, कुंडली एक थर्मामीटर या जाँच मशीन के





समान है उसमें हीनाधिकता हो जाती है, उसमे परिवर्तन हो जाता है कुंडली सशर्त बनती है, वैद्य के समान इस प्रकार पथ्य करोगे तो इस बीमारी से बच जाओगे इसी प्रकार कुंडली वह पुरुषार्थ है जो नियत व वर्तमान के पुरुषार्थ को जोड़ती है, जैसे नियत यह है लेकिन पुरुषार्थ करोगे तो उसे बचाया जा सकता है इसलिए अपने कर्म पर भरोसा रखो सब कुछ ठीक हो जाएगा उक्त आश्य केउद्गार मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज ने दमोह में उपकार महामहोत्सव में विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

**कलेक्टर सुधीर कोचर ने छात्र-छात्रों को दिया मार्ग दर्शन :** मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने दमोह से लौट कर बताया कि मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में चल रहे हैं यह पहली बार है कि इस शिक्षण शिविर में तीन तीन निर्यापक श्रमण श्री प्रसाद सागर जी महाराज निर्यापक श्रमण श्री वीरसागर जी महाराज सहित अन्य संत जन भी अपना समय दे रहे हैं इस शिविर में सभी वाल वृद्ध सहित हजारों शिविराथी भाग ले रहे हैं वाहार से आये शिविराथी को आवास की सुविधा दी शिविर में दमोह कलेक्टर श्री सुधीर कोचर शिविर स्थल पहुंचे और युवा छात्र छात्राओं को अपना मार्गदर्शक देते हुए कैरियर वनाने के लिए कुछ टिप्स दिए किस तरह अपना मनोबल ऊंचा रखते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं का सामना करना चाहिए और किन किन चीजों का ध्यान रखना चाहिए उन्होंने कहा कि कोई भी एग्जाम कठिन नहीं होता हम उसे कठिन वना देते हैं यदि हम नियमित अध्ययन कर परीक्षा की तैयारी करेंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी।

**महा आरती में पहुंची दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी :** इसके पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य के साथ मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा दर्शनोदय थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी कोषाध्यक्ष सौरव वाझल पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज भैसरवास आडिटर राजीवचन्देरी शिरोमणि संरक्षण संजीव श्रागर शैलेन्द्र दददा जैन समाज मंत्री शैलेन्द्र श्रागर सहित अन्य भक्तों ने भाग लिया इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य ने कहा कि जिस पर परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की कृपा होती है वह हर समय निश्चित रहता है उसकी चिंता को गुरु देव का आशीर्वाद ही दूर कर देता है हम सब को परम पूज्य की सेवा का सौभाग्य झांसी अंचल में प्रवास के दौरान मिला था वे क्षण हमारे जीवन के अनमोल क्षण थे जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।

**बहुमुखी दुनिया में कोई चीज नहीं है :** बहुमुखी दुनिया में कोई चीज नहीं है बहुमुखीपना ऐसे होता है जैसे हीरा में पहलू होते नहीं है लेकिन जोहरी हीरा में पहलू निकाल देता है। हम किसी भी विद्या को बहुमुखी बनाना चाहते हैं, यह हमारी योग्यता पर आधारित है जैसे हमने अभिषेक से बहुमुखी तत्व निकला कि बेटे को अभिषेक से मोक्ष ही नही होगा, जो सुबह से अभिषेक का लोटा उठाएगा वह शराब की बोतल नही उठाएगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति सारी दुनिया को अपने अनुकूल क्यों चलना चाहता है, वह यह प्रयास क्यों नहीं करता कि मैं दुनिया के साथ एक कदम चलूं। टूटता वह व्यक्ति है जो दुनिया को अपने अनुसार चलाना चाहता है, दुनिया मेरे अनुसार नाचे। हर व्यक्ति यही टूट रहा है महत्वाकांक्षा में, बेटा बाप से टूट रहा है क्योंकि वेटा भी माँ-बाप को अपने अनुसार चलना चाहता है।

**अधिकार हम मुट्ठी में बांधें और सहयोग सभी से चाहें तो कठिन होगा :** उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति वह कहलाती है जिसमें पूरी समाज का अधिकार होता है जहाँ हर व्यक्ति कह सके कि इस संस्था का मैं भी ट्रस्टी हूँ। अधिकार हम मुट्ठी में बांधे और सहयोग सभी से चाहे तो मिलना कठिन होता है हमें सभी को अधिकार देना होगा जब सफर बहुत लंबा होता है तो रात्रि में विश्राम करने वाली लालटेन भी साथ में रख लेना चाहिए, रात्रिविश्राम का तंबू भी साथ रख लेना चाहिए। यही व्यवस्था आचार्यो ने रास्तों के लिए कही, जिसे षट आवश्यक कहा है, ये उन्ही के लिए हैं जिनकी गति धीमी है और रास्ता लंबा है, डायरेक्ट मोक्ष जाने वालों के लिए नही पूजा में हम जो कुछ पढ़ते हैं, उस समय तदरूप होने का प्रयास करें। जैसे पूजा में हम क्षुधारोग विनाश की भावना करते हैं तो कुछ घण्टे के लिए हम भूख को रोके, हम महीने में एक बार उपवास करने का प्रयास करें, नही बनता तो एकासन, दो बार भोजन का प्रयास करे। **-विजय धुर्रा**

**2 जून को मुनिसंघ की मंगल अगवानी, 3 जून से 8 जून तक श्री धर्मनाथ दिगम्बर जैन जिन विंवपंचकल्याणक महामहोत्सव**

## जो कुछ तुम्हारे पास है वह कर्म की धरोहर है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

**विदिशा ( विश्व परिवार )।** जो कुछ भी तुम्हारे पास है वह आपका नहीं, यह तो कर्म की धरोहर है, जब तक कर्म चाहेगा तब तक वह तुम्हारे पास है, यदि तुम इसका सदुपयोग करोगे तो यह अनुकूल संयोग साथ रहेंगे यदि दुरुपयोग करोगे तो वह आपसे दूर होते चले जाऐंगे। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने विदिशा



की ओर मंगल विहार करते हुये ग्राम अटारी खैजड़ा प्रवास के दौरान व्यक्त किये उन्होंने कहा कि भिखारी का रौल करता हुआ कोई हीरो क्या अपने आपको भिखारी मानता है? ये जो कुछ भी आपको दिख रहा है यह रियल नहीं यह तो मात्र कर्म जन्य संयोग है इस रोल को कभी रियल मत मानो कभी सुख है तो कभी दु:ख है जो भी है वह कर्म की प्रकृति है। मुनि श्री ने कहा कि आज चार सबाल अपने आपसे पूंछना में कौन हुं? मेरा क्या है में क्या कर रहा हूं? मुझे क्या करना चाहिये? ये चार सबाल शंकासमाधान के लिये नहीं है वल्कि अपने आपसे पूंछने के लिये है?पहला सबाल में कौन हूं यह परिचय मत दो कि में फलाना हूं क्या तुम कल भी थे? अपने आपको पहचानने का प्रयास करो, जिस दिन तुम्हें अपने स्वरूप का वोध हो जाऐगा उसी दिन से तुम्हारी प्रवत्तियों में अपने आप सहजता आ जाऐगी में जिस रुप में हुं और वह रियल नहीं है एक रोल है जैसे किसी पिक्चर का हीरो जो रोल करता है वह कब तक रहता है जब तक वह उस पिक्चर को कर रहा है उसके पश्चात उसे अपनी रियल स्थिति में आना ही पड़ता है, उसी प्रकार जो रियल में जो में हुं उसका एक प्रदेश भी इधर से उधर नहीं हो सकता उसका न तो उत्थान है न ही पतन, न उन्नति है न अवनति न आगा है न पीछा है, उसको खोना है न पाना है, वह तो शास्वत है, कठनाई कब खड़ी होती है जब आप लोग रोल को रियल मान लेते है अगर कोई अमीर है तो उसने अमीर का अहंकार पाल लिया, किसी को ज्ञान हो गया तो उसे ज्ञान का अहंकार, किसी के पास रुप है तो रुप का अहंकार, अथवा कोई गरीब या वुद्धि से कमजोर है तो अपने अंदर हीन भावना का भ्रम पाल लेते हो ये जो कुछ भी दिख रहा है यह रियल नहीं यह तो कर्म जन्य संयोग है इसे रियल मत मानो सुख और दु:ख कर्म जनित प्रकृति है, %में एक शुद्ध ज्ञान दर्शन चेतन आत्मा हूं मुनि श्री ने पूंछा कि आप किसे अपना मानते हो जो आपके अधिकार में है उसे या किसी दूसरे की धन संपत्ति? एक बात गांठ बांध कर रख लो कि जो कुछ भी आपके पास है वह आपका नहीं है यह तो कर्म की धरोहर है कर्म जब तक चाहेगा तब तक आपके पास रखेगा कर्म का सदुपयोग करोगे तो अनुकूल संयोग आपके साथ रहेंगे और यदि दुरुपयोग करोगे तो वह आपसे दूर होते चले जाऐंगे जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि संघ का मंगल विहार चल रहा है 31 मई को अतिशय क्षेत्र ग्राम हिरनई में प्रात:काल प्रवचन सभा आहार चर्या एवं सांयकाल 6 बजे से शंकासमाधान का आयोजन किया गया है। हिरनई परिवार के शैलेंद्र बांसल राहुल बांसल राहिल बांसल ने समस्त जैन समाज से हिरनई ग्राम में पधारने की अपील की है एवं सभी के लिये दौनों टाईम भोजन व्यवस्था की गयी है।अटारी खैजड़ा में मुनि श्री प्रमाण सागर जी को पड़गाहन कर आहार कराने का सौभाग्य हृदयमोहन पंकज कुमार जैन परिवार को मिला वंही मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज को श्री मति सरिता डा.दिनेश जैन परिवार तथा श्री मति बबली धर्मेन्द्र जैन मुनि श्री संधान सागर जी महाराज को अनिल जैन मसाला तथा गुरुभक्त महिलामंडल परिवार को मिला इस अवसर पर बड़ी संख्या में विदिशा नगर के श्रद्धालुओं ने भी आहार देकर पुण्यलाभ अर्जित किया। **-अविनाश जैन**

**आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी ने धर्म सभा में कहा**

## मानव अंतरदेशी लिफाफे के समान है और बचपन, जवानी और बुढ़ापा का प्रतीक है

**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री सुमतिसागर जी की परम शिष्या जिनधर्म प्रभाविका वात्सल्य मूर्ति गणनी आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी का बुंदेलखंड के सिद्ध एवम अतिशय क्षेत्रों के लिए विहार चल रहा है।समाज के निवेदन पर ग्रीष्मकालीन वाचना के लिए ललितपुर के श्री पार्श्वनाथ अटा दिगंबर जैन मंदिर में आर्यिका श्री विश्वयश माताजी सहित विराजित है। आज की धर्म सभा में प्रवचन में आर्यिका श्री सृष्टिभूषण माताजी ने बताया कि बच्चों को संस्कार देकर भगवान पंच परमेष्ठि का स्वरूप बताना चाहिए फूल के समान महकना या कांटा बन कर चुभन देना इनके सुख या दुख हमारे साथ होते हैं इनका अनुभव हमारी भावना पर निर्भर करता है। जितनी उम्र बढ़ती जाती है, आप उतने ही मृत्यु के नजदीक होते जाते हैं कपड़ों की मैचिंग पर कटाक्ष कर आर्यिका श्री सृष्टिभूषण माताजी ने कहा कि मैचिंग ही करना है तो परमात्मा से मैचिंग करो। बच्चों को ससुराल भेजने के पहले कल्याणी बनाकर भेजो शास्त्रों का अध्ययन स्वाध्याय कराओ तब ससुराल स्वर्ग हो जाएगा जिन व्यसन को करने के लिए आप बच्चों को मना करते हैं वही व्यसन कार्य आप करते हैं तो बच्चों पर गलत प्रभाव होता है। मित्रों और धर्म सभा में दिल खोलकर हंसने से एक दिन औजारों से अस्पताल में दिल खोलने की नौबत नहीं आएगी अक्षय अलया, डा सुनील संचय अनुसार माताजी ने प्रवचन में आगे मानव की परिभाषा बताते हुए बताया कि व्यक्ति इंसान हाड़ मांस लहू की एक इमारत है जिसमें लहू गारा मिट्टी है, ईट हड्डी है, और चंद सांसों पर यह ढांचा टिका



है।आदमी एक अंतर्देशी लिफाफा है जिसे 3 बार मोड़ा जाता है उसी प्रकार बचपन की लहरे हैं, जवानी का नजारा है, और बुढ़ापे में लकड़ी हाथ में है और अंत में चिता में अंगारे हैं।व्यक्ति को कहते हैं कि वह भगवान को प्यारा हो गया जिसने जिंदगी भर भगवान से प्यार नहीं किया तो वह भगवान का प्यारा कैसे हो गया।अंधे रास्ता नहीं बता सकते हैं, बीमार इलाज नहीं कर सकते हैं किंतु आप बच्चों को संस्कार देखकर उनका जीवन अच्छा बना सकते हैं। दिगंबर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष डा अक्षय एवम महामंत्री आकाश अनुसार प्रवचन के पूर्व मंगलाचरण और आचार्य श्री विद्या सागर जी एवम आचार्य श्री सुमति सागर जी के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन मंदिर समिति और अतिथियों ने किया महिला मंडल ने जिनवाणी भेट की। आर्यिका संघ सानिध्य में प्रवचन के साथ शाम को गुरु भक्ति में भी काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते हैं। मंदिर में शिक्षण शिविर में भी सैकड़ों समाजजन विभिन्न विषयों की कक्षा में धर्म लाभ ले रहे हैं। **-राजेश पंचोलिया**

## प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी छत्तीसगढ़ विभागीय भर्ती और पदोन्नति नियम में संशोधन और नवीन प्रस्ताव हेतु गठित समिति के सदस्य नियुक्त

**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी को राज्य शासन के द्वारा विभागीय भर्ती और पदोन्नति नियमों में संशोधन और नवीन प्रस्ताव के लिए गठित 9 सदस्यीय समिति का सदस्य बनाया गया हैं। श्री चटर्जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विघालय सुपेला के प्राचार्य हैं। यह समिति छ.ग. स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती और पदोन्नति नियम 2019, छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद व अधीनस्थ संस्थाएं ( राजपत्रित भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2013), समग्र शिक्षा के अधिकारियों-कर्मचारियों के सेटअप



एकीकरण, छ.ग. शिक्षा विभाग तृतीय श्रेणी (लिपीक वर्गीय एवं अलिपीक वर्गीय) सेवा भर्ती नियम 2013 की विसंगतियों को दूर करने के लिए संशोधन का प्रस्ताव विभागीय प्रशासनिक समिति को 10 दिवस के भीतर उपलब्ध कराएगी। समिति की पहली बैठक 3 जून को आयोजित होने वाली हैं।

आपको बता दें कि आए दिन स्कूल शिक्षा विभाग के न्यायालय में प्रकरण दर्ज होते रहते हैं। पुराने भर्ती और पदोन्नति नियमों में कई विसंगतियां है। जिसकी वजह से कई कर्मचारी क्षुब्ध होकर न्यायालयों में याचिकाएं दायर करते रहते है।

जशपुर जिला ईकाई के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता और सचिव संजीव शर्मा ने बताया कि भर्ती और पदोन्नति नियमों में संशोधन की आवश्यकता है। राजेश चटर्जी तकनीकी मामलों के अच्छे जानकार माने जाते हैं। इनके प्रतिनिधित्व में समिति के प्रतिवेदन में सभी संवर्ग के शिक्षकों का हित शामिल होगा। समिति के सदस्य बनाये जाने पर श्री चटर्जी को कोषाध्यक्ष अवनीश पाण्डेय, उपाध्यक्ष सरीन राज, एलन साहू, सभी विकासखण्ड अध्यक्षों संजय दास, विपिन अंबस्ट, पी.के. सन्यासी, कमल चंदेल और एम.दीप ने बधाई दी है।

## राजधानी में यातायात आरक्षक की संदिग्ध मौत

**रायपुर ( आरएनएस )।** राजधानी रायपुर में एक यातायात आरक्षक की संदिग्ध मौत हो गई है। आरक्षक ड्यूटी पर जा रहा था इसी दौरान उसे बैचेनी हुई और वह एक दुकान में जाकर बैठ गया जिसके बाद वह बेहोश होकर गिर गया जिसे अस्पताल पहुंचाया गया पर डाक्टर ने आरक्षक को मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार भनपुरी यातायात थाना में पदस्थ आरक्षक भागीरथी कंवर गुरूवार को ड्यूटी स्थल पर जा रहे थे इसी दौरान लगभग 12:15 बजे ग्राम धनेली के पास बेचैनी महसूस होने पर स्थानीय मनिहारी दुकान के बेंच में जाकर बैठ गये। तभी अचानक चक्कर आने से वे गिर गये, इसी दौरान वहां से गुजर रहे रक्षित निरीक्षक अनीष सारथी ने देखा और तत्काल अपने चालक हमराह के साथ अपने शासकीय वाहन में बैठाकर उपचार के लिए बंजारी हास्पिटल भनपुरी पहुंचाया। जहां बंजारी अस्साल के डॉक्टरो द्वारा आरक्षक का बीपी व ऑक्सीजन लेवल चेक किया गया जो कि बहुत कम था और हालात ज्यादा खराब होने की स्थिति में आरक्षक को तत्काल एंबुलेंस वाहन से आंबेडकर अस्पताल रिफर किया गया। जहां डॉक्टर द्वारा जांच करने पर आरक्षक का मौत हो जाना बताया गया। पोस्टमार्टम के बाद डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि प्रथम दृष्टया उनके हार्ट व किडनी में इंफेक्शन के लक्षण दिखाई दिये है, मौत का निश्चित कारण पैथालाजी रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा।

## यूथ एण्ड इको क्लब के तहत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण सम्पन्न

**जशपुर ( विश्व परिवार )।** यूथ एंड इको क्लब के तहत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले



के प्रत्येक विकासखंडों से 5 माध्यमिक स्तर के शिक्षकों को निर्धारित मापदंड के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर के द्वारा किया गया, उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थियों को विद्यालय स्तर पर यूथ एंड इको क्लब की विभिन्न गतिब्धियों को सफलता पूर्वक संचालित करने का निर्देश दिया। राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा अभियान के निर्देशानुसार साप्ताहिक अलग अलग गतिविधियों के द्वारा समाज में जागरूकता लाने के उदेस्य से विद्यालय स्तर पर क्लब का गठन किया गया है। राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक श्री नित्यानंद यादव एवं नरेंद्र यादव के द्वारा द्वारा पोषण वाटिका, जल संवर्धन विषय पर गंभीर एवं विस्तृत चर्चा की गई। प्रथम फाउंडेशन के प्रशिक्षकों ने भी बदलते पर्यावरण विषय पर अपनी बात रखी।सहायक जिला परियोजना अधिकारी विनय कुमार सिन्हा ने यूथ एंड इको क्लब में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को पद दायित्व देते हुए उनको सतत कार्ययोजना बनाकर निरीक्षण करने पर जोर दिया, उन्होंने बियार्थयों के द्वारा समाज में महत्वपूर्ण बदलाव कैसे लाया जा सकता है इस बिंदु पर उपस्थित सभी अध्यापकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सहायक जिला कार्य कोक्रम समन्वयक ( श्चद्वस्न्नड्डद्दश्वद्द4) सेतराम पटेल ने भी यूथ एंड इको क्लब के तहत वर्षभर चलने सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने पर बल दिया। राज्य कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए संदर्शिका में उल्लेखित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा का आयोजन विकासखंड स्तर पर भी कराने का निर्देश दिया गया तादुपरांत आगामी प्रशिक्षण का शुभकामना देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** चाकू लहराकर आम लोगों को आतंकित कर रहे एक व्यक्ति को डोंगरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से चाकू बरामद किया है। मामलें में आरोपी के खिलाफ धारा-25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। बता दें कि डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार संदिग्ध, चोर, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में बुधवार 29 मई को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भोथली का लेखराम पटेल नाम व्यक्ति अपने घर के पास लोहे का धारदार चाकू रखकर लोगों को दिखाकर लहराकर डरा धमका रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी लेखराम पटेल पिता शंगलू राम पटेल उम्र- 36 साल साकिन भोथली को चाकू लहराकर लोगों को डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़कर उसके पास से एक नग धारदार चाकू जप्त किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### वृक्षों की अवैध कटाई करते 7 गिरफ्तार

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जंगल में वृक्षों की कटाई करते हुए वनकर्मियों की टीम ने ओडिशा के निवासियों को पकड़ा है. मामला बनवापार के पीपलखूंटा सर्कल का है. जंगल में ओडिशा के नवरंगपुर के 20 लोग अवैध रूप से वृक्षों की कटाई कर रहे थे. वनकर्मियों के पूछने पर कटाई करने वालों ने बताया कि खेती करने के जंगल के वृक्षों को काट रहे थे। इस पर उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व मैनपुर और नबरंगपुर वनमंडल ओडिशा के अधिकारी/कर्मचारियों की टीम गठित ने ओडिशा के 20 आरोपियों वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत पकड़ा. आरोपियों को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड पर जेल दाखिला करवाया गया. बता दें कि इसके पहले भी इनमें से 7 आरोपियों को जंगल में अवैध कटाई करने के जुर्म में गिरफ्तार किया चुका है।

### 5 लाख की ईनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। जवानों ने छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर से लगे केरलापाल गांव में एक्टिव एक ईनामी महिला नक्सली को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, जिला सुरक्षा बल, डीआरजी सुकमा, डीआरजी बस्तर एवं 206 कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम ने छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर से लगे गांव से महिला नक्सली को गिरफ्तार किया है। महिला नक्सली जिला दंतेवाड़ा थाना अरनपुर क्षेत्र के अंतर्गत पोटाली गांव की निवासी है। बता दें, गिरफ्तार की गई महिला नक्सली नक्सल संगठन के साथ मिलकर पिछले 5-6 सालों से लगातार सरकार के खिलाफ उनके नापाक इरादों को अंजाम दे रही थी। जिसके कारण राज्य सरकार ने महिला नक्सली पर 5 लाख रूपये का ईनाम रखा था।

### गणना पर्यवेक्षकों व सहायकों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण संपन्न

**कांकेर(विश्व परिवार)।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत कांकेर लोकसभा क्षेत्र में मतगणना कार्य के लिए आज अंतर्गत ई.व्ही.एम. तथा पोस्टल बैलेट के माइक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षकों, अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं गणना सहायकों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में दो पालियों में संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना कार्य से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों से कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से मतगणना कार्य संपन्न हो इसके लिए यह आवश्यक है कि अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सर्तकता के साथ करें। जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से ई.व्ही.एम. से मतगणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान ईव्हीएम मशीनों के सभी टैग में अंकित आंकड़ों का मतपत्र लेखा के साथ मिलान करने एवं ईव्हीएम मशीनों से मतों की जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। साथ ही व्हीव्हीपैट से मतगणना कार्य के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने मतगणना के पश्चात सभी निर्धारित प्रारूप में जानकारी प्रविष्टि की विधि एवं इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी उदाहरण सहित जानकारी दी। इसके पश्चात प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय पाली में दोपहर 03 बजे डाक मतपत्र और ईटीपीबी के गणना पर्यवेक्षकों, गणना सहायकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें गणना की प्रक्रिया और इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व आवश्यक निर्देशों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने हाथ में लाल निशान बना कर दिया मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन का संदेश

## ग्राम पंचायत ढेलवाडीह के पंचायत भवन में माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया






**कोरबा(विश्व परिवार)।** मंगलवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिले की ग्राम पंचायतों में महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन करके विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया. कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा ने हथेली में लाल निशान बनाकर मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन का संदेश दिया। जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत बाता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों की महिलाओं ने जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीण महिलाओं को मासिक धर्म और स्वच्छता की जानकारी दी। ग्राम पंचायत ढेलवाडीह के पंचायत भवन में माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ कटघोरा श्री यशपाल सिंह ,जनपद सदस्य श्रीमती राधिका साहू, सरपंच श्रीमती अमिता कंवर, बीपीएम एन आर एल एम श्री अमरनाथ तारम,ब्लॉक कॉर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन, पंचयत सचिव श्री पवन गुप्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, रोजगार सहायक श्रीमती वसुंधरा चौहान, श्री शत्रुघन, पी आर पी व सी आर पी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व किशोरी बालिकाएं उपस्थित थी । जनपद पंचायत सीईओ, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती बंजारे व सरपंच ढेलवाडीह श्रीमती अमिता कंवर के द्वारा विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर माहवारी के दौरान आने वाली समस्या व सेनेटरी नैपकिन के संवर्धन पर परिचर्चा गयी । कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व किशोरी बालिकाओं को सरपंच श्रीमती कंवर के द्वारा नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ढेलवाडीह उरगा, बिरदा तुमान,महुआडीह, बाता ग्राम पंचायत दोंदरो के बेला कछार, जनपद पंचायत पाली, पोड़ी उपरोड़ा में स्व सहायता समूह की सदस्यों तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गये।

# कलेक्टर दीपक कुमार ने उत्कृष्ट गरियाबंद अन्तर्गत प्रतिभावान स्कूली बच्चों का किया सम्मान



**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** उत्कृष्ट गरियाबंद अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल एवं जिला पंचायत के सीईओ श्रीमती रीता यादव ने दसवी एवं बारहवी कक्षा में प्रदेश एवं जिले में मेरिट सूची में टॉप टेन पर रहने वाले विद्यार्थियें एवं स्कूल में शत प्रतिशत परिणाम लाने वाले संस्था प्रमुखों को प्रशस्ति पत्र देकर एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि दसवी एवं बारहवी के विद्यार्थियों ने प्रदेश एवं जिला स्तर पर प्राविण्य सूची में स्थान बनाये है। वे निश्चित ही बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पहले अपने माता-पिता के नाम से जानते थे। लेकिन अब ये बच्चे अपनी मेहनत से इस मुकाम को हासिल करने पर अब उनके माता-पिता को इन बच्चों के नाम से जानने लग गये है। ये बड़े ही गर्व की बात है। विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए और आगे भी इससे अधिक परिश्रम करने की जरूरत है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि माता-पिता के बाद बच्चे सबसे अधिक शिक्षकों के साथ ही रहते है। शिक्षक बच्चों के मार्गदर्शक एवं उनके भविष्य बनाते है। इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि बच्चों के प्रतिभा अनुसार उन्हें अच्छे तरीके से मार्गदर्शन करते रहे। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में भी इससे भी बेहतर परिणाम लाने के लिए शिक्षकों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को प्रयास करने जरूरत है। इसके लिए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ से ही प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों को तैयारी कराते रहे। संस्था प्रमुख अपने स्कूलों में सभी शिक्षकों के साथ सकारात्मक वातावरण बनाये, जिसमें प्रत्येक शिक्षक अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. सारस्वत, डीएमसी श्री खेल सिंह नायक, नोडल अधिकारी श्री श्याम चन्द्राकर, श्री मनोज केला, बीईओ श्री सीएस मिश्रा, श्री आर.पी दास, श्री आर जोशी, श्री केएल मतावले, श्री गिरीश शर्मा सहित बीआरसी एवं शिक्षकगण मौजूद थे।

# नया दृश्यम : पड़ोसी की हत्या कर शव आफिस में दफनाया, गिरफ्तार

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** पड़ोसी की हत्या कर अपने ऑफिस में गड्ढा खोदकर कर दफनाने का मामला समाने आया है. घटना जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र की है. दरअसल कोतवाली पुलिस को 14 दिसबंर से लापता यूपेश चन्द्राकर उम्र 41 वर्ष निवासी बिरकोनी के संदर्भ में जानकारी मिली. पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपी मुकुंद त्रिपाठी को हिरासत में लेकर पूछताछ की और सारा माजरा सामने आया. आरोपी मुकुंद ने पुलिस को बताया कि यूपेश चन्द्राकर की हत्या की और अपने ऑफिस के एक कमरे में 5 फुट गड्ढा खोदकर दफ्ना दिया था. पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर लोहानी बिल्डिंग के ऑफिस से लाश को बरामद की और मृतक के भाई ने उसकी शिनाख्त कराई. मृतक की बॉडी 40 प्रतिशत डिकंपोज हो चुकी है. पुलिस ने लाश का पंचनामा कर बॉडी को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा.कोतवाली प्रभारी टीआई ने बताया कि मृतक खेती किसानी व फर्शी खदान चलाता था. मृतक अपनी पत्नी के साथ नवबंर 2023 में बिरकोनी से महासमुंद आकर क्लबपारा में रहता था. उसके पड़ोस में आरोपी मुकुंद त्रिपाठी रहता था. मुकुंद त्रिपाठी किराए पर लोहानी बिल्डिंग में अपना आफिस बनाकर रखा था. मुकुंद ज्योतिष का काम करता है. मुकुंद व मृतक यूपेश में अक्सर विवाद होता था. 8 दिसंबर से मृतक लापता था, जिसकी लापता की रिपोर्ट परिजनों ने 14 दिसंबर को कोतवाली पुलिस में की थी. पुलिस प्रथम दृष्टिया अवैध संबंध का मामला मानकर आरोपी से पूछताछ कर रही है. पुलिस ने पूछताछ के बाद खुलासा करने की बात कही है।

# कलेक्टर धर्मेश साहू ने आम नागरिक को धूप से बचने की अपील की

**सारंगढ़ बिलाईगढ(विश्व परिवार)।** तेज धूप और नौतपा से तापमान में वृद्धि के कारण नागरिकों को लू लगने की संभावना है, जिससे आम जनजीवन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसके मद्देनजर कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू ने आम नागरिक सहित जिलेवासियों से अपील किया है कि धूप में घर से अनावश्यक नही निकले। यदि जरूरी हो तो सर और चेहरे को कपड़े, टोपी से ढके। साथ में पानी की बोतल अवश्य रखें। कलेक्टर ने जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को लू से बचाव एवं उपचार हेतु पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां एवं ओ. आर. एस. की उपलब्धता सुनिश्चित कर मरीजों का उपचार करने को कहा है। मैदानी स्वास्थ्य अमलों और मितानिनों के माध्यम से लू लगने के लक्षण के कारण और बचाव के उपायों के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अगर ओ.आर.एस. न हो तो घर पर ही एक गिलास पानी में एक चम्मच शक्कर व एक चुटकी नमक मिलाकर जीवन रक्षक घोल तैयार किया जा सकता है। गांव में मितानिनों या डिपो होल्डर के पास ओ.आर.एस. और दवाईयां लेकर प्राथमिक उपचार के पश्चात निकट के स्वास्थ्य केन्द्र या चिकित्सक के पास जाकर मरीज को भर्ती कर उपचार कराना चाहिए। लू लगना या हीट-स्ट्रोक, खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है।

# रेलवे स्टेशन में अधिक मूल्य में सामग्री बेचने वाले दुकानदारों पर जुर्माना

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** उपभोक्ताओं की शिकायत के आधार पर नापतौल विभाग बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा भाटापारा रेलवे स्टेशन के सभी स्टालों में विक्रय किए जा रहे उत्पादों की एमआरपी से संबंधित जांच किया गया। जिसमें प्लेट फॉर्म क्रमांक-3/4 स्थित स्टॉल एमपीएस नम्बर-3 में स्टिंग एनर्जी ड्रिंक, मात्रा 250 एमएल,घोषित एमआरपी 35 रुपए प्रति नग को स्टाल संचालक द्वारा एमआरपी से अधिक 45 रुपए प्रति नग में विक्रय करते पाया गया। स्टाल संचालक द्वारा गलती स्वीकार करते हुए 5 हजार रूपये जुर्माने की राशि विभाग में अदा किए है। उक्त कार्रवाई विधिक माप विज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुएं) नियम 2011 के नियम 18(2) के उलंघन में प्रकरण दर्ज किया गया। गौरतलब है कि विभाग को 27 मई को मुख्यालय रायपुर से शिकायत के संबंध में भाटापारा रेलवे स्टेशन में स्थित विभिन्न स्टॉलों द्वारा अधिक मूल्य में सामग्री बेचने की शिकायत मिल रही थी। इस हेतु 27 मई को मुख्यालय रायपुर से शिकायत के संबंध पत्र प्राप्त हुआ था जिस पर कर्रवाई करते हुए मंगलवार सुबह 11 बजे रेलवे स्टेशन में सघन जांच किया गया। इसके साथ ही नाप तौल विभाग एमआरपी के संबंध में पूरे जिले में लगातार जांच कर रहा है। सरसीवा,बयां,रिकोकला,भाटापारा अर्जुनी आदि के गावों में स्थित दुकानो का भी जांच किया गया। जांच के दौरान एमआरपी से अधिक में सामान बेचने पर अर्जूनी के साहू ढाबा का प्रकरण दर्ज कर 5 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

# नौतपा का तेवर तेज: पारा चढ़ा 45 डिग्री के पार



**कोरबा(विश्व परिवार)।** तेज धूप के साथ नौतपा का तेवर लगातार तेज होते जा रहा है। सूर्य की तेज किरणें झुलसा रही हैं। घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से पार होने की वजह से कूलर व ऐसी भी राहत देने में असफल हैं। नौतपा के साथ ही गर्मी अपने चरमोंत्कर्ष पर पहुंच गया है। चिलचिलाती धूप लोगों के लिए असहनीय हो गया है। तेज धूप के साथ लू का असर शुरू हो चुका है। दोपहर के समय लोग लंबी यात्राएं करने से परहेज कर रहे हैं। पानी में लोगों के प्राण बस गए है। बाजार में शीतल पेय की बिक्री बढ़ गई है। सूर्यास्त होने के बाद भी वातावरण में तापमान का एहसास जारी है। बुधवार की सुबह से धूप तेज हो गया। नौतपा में तापमान से निजात पाने के लिए लोग तरह तरह की जतन कर रहे है। धूप का असर इतना तेज है कि सूर्योदय के बाद गर्मी का असर भारी पडने लगता है। दोपहर में सन्नटा पसर जाता है। सरकारी व निजी कार्यालयों में अन्य मौसमों की अपेक्षा कामकाज प्रभावित है। सडकों में शाम होने के बाद ही चहल पहल बढ़ती है। भीषण गर्मी का असर भूमिगत जल स्त्रोत में भी देखा जा रहा है। तालाब, कुंआ सूखने के कगार पर आ गए हैं। पेयजल की संकट से भी कई स्थानों में लोगों को जूझना पड़ रहा। धूप के कारण लू का असर भी तेज हो गया। धूप अधिक समय तक रहने से शरीर में पानी की कमी के कारण लोग बीमार पडने लगे हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को तेज धूप में घर बाहर न निकलने की सलाह दी जा रही है। लोगों का अब बेसब्री से मानसून का इंतजार होने लगा है।

### अधिकारी-कर्मचारियों को वीवीपैट मशीन एवं प्रपत्रों के सीलिंग का दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज मास्टर ट्रेनर डॉ. एम. एम. जोशी ने निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को गणना के पश्चात् वीवीपैट मशीनों एवं प्रपत्रों की सिलिंग का प्रशिक्षण दिया। डॉ. जोशी ने बताया कि वीवीपैट मशीनों के साइड में लगे एड्रेस टैगों को सावधानी से काटें। इसके पश्चात् वीवीपैट की समस्त पर्चियां निकालकर काले लिफाफे में रखे जाएं। प्रत्येक मतदान केंद्र के वीवीपैट मशीन की सारी पर्चियां काले लिफाफे में रखीं जाएं तथा लिफाफे को अच्छे से सील बंद करें। उन्होंने बताया कि सिलिंग का कार्य दो टीमें करेंगी जिसमें एक टीम वीवीपैट मशीनों को सील करेंगी व दूसरी टीम के द्वारा प्रपत्रों की सीलिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि गणना के पश्चात् वीवीपैट मशीनों से सावधानी पूर्वक बैटरी निकाली जाए तथा वीवीपैट मशीनों को सील किया जाए। इसके साथ ही सी.यू. को भी सील किया जाए। निर्वाचन संबंधी चार महत्वपूर्ण प्रपत्र - ईवीएम पेपर्स, स्क्रूटनी लिफाफे, परिणियत लिफाफे, अपरिणियत लिफाफे को सावधानी पूर्वक सील कर सुरक्षित रखा जाए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, एसडीएम श्री श्रीकांत वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज बंजारे, डिप्टी कलेक्टर एवं श्री विकास चौधरी व श्री तुलाराम भारद्वाज सहित नायब तहसीलदार, एएसएलआर, पटवारी, कोटवार आदि उपस्थित थे।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## व्यापार समाचार

### फ्रेशर्स के लिए भारत में तेजी से बढ़ रही ये तीन नौकरियां

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सिस्टम इंजीनियर और प्रोग्रामिंग एनालिस्ट उन तीन टॉप नौकरियों में शामिल है, जिनमें फ्रेश ग्रेजुएट्स की मांग सबसे अधिक है। बुधवार को आई एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि एंट्री लेवल जॉब के लिए डिजाइन, एनालिस्ट्स और प्रोग्रामिंग टॉप स्किल हैं, जिनकी मांग सबसे अधिक है। सालाना आधार पर ऑन-साइट यानी कार्यस्थल पर नौकरी में 15 प्रतिशत की गिरावट हुई है। वहीं, हाइब्रिड नौकरियों में 52 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। लिंक्डइन प्रोफेशनल नेटवर्क की ओर से जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि नौकरी परिदृश्य में बदलाव नए ग्रेजुएट्स को चुनने और आगे बढ़ने के लिए कार्य व्यवस्था की एक विस्तृत रेंज प्रदान करता है। आगे कहा गया कि बैचलर डिग्री के साथ युवा पेशेवरों को लिए यूटिलिटी तेजी से बढ़ती हुई इंडस्ट्री है। इसके अलावा ऑयल, गैस एवं माइनिंग, रियल एस्टेट, सामानों की रेंटल सर्विसेज और कंज्यूमर सर्विसेज में नए ग्रेजुएट्स के लिए नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि जिन लोगों को पास बैचलर डिग्री नहीं है। उनके पास भी नौकरी के काफी सारे अवसर हैं, जिसमें शिक्षा, टेक्नोलॉजी और मीडिया सेक्टर शामिल है। लिंक्डइन करियर एक्सपर्ट और इंडिया सीनियर मैनेजिंग एडिटर, निरजिता बनर्जी की ओर से कहा गया है कि कई स्किल आज के समय इंडस्ट्रीज में हस्तांतरणीय हैं। एआई के आने से कई फील्ड में टेक से जुड़े रोजगार बढ़ रहे हैं। इस कारण से कंपनियां विविध शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले पेशेवरों की तलाश कर रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि तेजी से बढ़ रहे मास्टर डिग्री होल्डर्स को भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर और डेटा एनालिस्ट के पद पर नियुक्त किया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि जिन लोगों के पास डिग्री नहीं है। वे भी सॉफ्टवेयर, सेक्रेटरी और डिजाइन इंजीनियर जैसे पदों पर नौकरी प्राप्त कर सकते हैं।

### पेटीएम में हिस्सेदारी खरीदने की खबर पूरी तरह झूठ : अदाणी समूह

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अदाणी समूह ने बुधवार को साफ कर दिया कि पेटीएम में हिस्सेदारी खरीदने की खबर पूरी तरह से झूठी है। अदाणी समूह ने इस तरह की मीडिया रिपोर्ट का खंडन किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अदाणी समूह वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के मालिकाना हक वाली फिनटेक कंपनी में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए पेटीएम के साथ बातचीत कर रहा है। अदाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा, हम इस तरह की निराधार खबरों का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं। यह पूरी तरह से झूठ और असत्य है। स्टॉक रेगुलेटरी फाइलिंग में पेटीएम ने भी इस तरह के किसी भी कदम से इनकार किया है। पेटीएम ने कहा, हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह खबर अटकलबाजी है। कंपनी इस संबंध में किसी भी बातचीत में शामिल नहीं है। कंपनी ने कहा, हमने हमेशा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) विनियम, 2015 के तहत अपने दायित्वों (ऑब्लिगेशंस) के अनुपालन में खुलासे किए हैं और करते रहेंगे।

### चांदी हुई महंगी, सोने का दाम भी बढ़े

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** सोने चांदी के वायदा भाव में आज तेजी देखने को मिल रही है। आज सोने वायदा भाव की शुरुआत जरूर गिरावट के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव में तेजी देखी जाने लगी। चांदी वायदा के भाव मंगलवार को सर्वोच्च स्तर छूने के बाद आज भी तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,300 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 95,700 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 25 रुपये की गिरावट के साथ 72,155 रुपये के भाव पर खुला। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 103 रुपये की तेजी के साथ 72,283 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 72,289 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 72,150 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट आज 54 रुपये की तेजी के साथ 95,502 रुपये पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 232 रुपये की तेजी के साथ 95,680 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 95,749 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 95,364 रुपये के भाव पर दिन निचला स्तर छू लिया। मंगलवार को चांदी के वायदा भाव ने 96, 220 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,362.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,356.50 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 1 डॉलर की तेजी के साथ 2,357.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### यूनिवर्सल वल्कन अगले तीन वर्षों में भारत में 30 लियोनार्डो हेलीकॉप्टर करेगा पेश

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** यूनिवर्सल वल्कन एविएशन भारतीय बाजार विस्तार के लिए तैयार है और अगले तीन साल में देश में 30 लियोनार्डो हेलीकॉप्टर लाएगी। यूनिवर्सल वल्कन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (यूवीए) इटली स्थित लियोनार्डो हेलीकॉप्टर्स की भारत में वितरक है। दिल्ली स्थित यह कंपनी अगले तीन वर्षों में कुल 30 हेलीकॉप्टर लाएगी, जिनमें 16 नए और 14 पहले इस्तेमाल किए गए होंगे। यूवीए के बिक्री निदेशक करण सेठी ने बताया कि वर्तमान भारतीय बाजार विस्तार के लिए तैयार है और एकल तथा दोहरे इंजन दोनों में उसका उत्पाद खंड फलता-फूलता रहेगा। यूवीए के साझेदार हरिंदर जीत सिंह कम्मार ने कहा कि शीघ्र ही पेश किए जाने वाला एडब्ल्यू09 मॉडल एकल इंजन वाले भारतीय बाजार के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी मॉडल साबित होगा। इसका उद्देश्य अपनी कुशल वितरण प्रक्रिया के साथ शीघ्र डिलीवरी सुनिश्चित करना है।

## विराट कोहली के जुड़े बिना भारत ने न्यूयॉर्क में शुरू किया अभ्यास



**न्यूयॉर्क( एजेंसी )।** 2024 टी20 विश्व कप के लिए न्यूयॉर्क पहुंचने के बाद भारतीय टीम के अधिकतर खिलाड़ियों ने मंगलवार को अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। विराट कोहली इकलौते खिलाड़ी हैं जो अब तक टीम से नहीं जुड़े हैं और उनका टीम के बांग्लादेश के खिलाफ़ होने वाले इकलौते अभ्यास मैच में खेलना भी संदिग्ध है। बीसीसीआई ने उनके यात्रा से संबंधित कोई जानकारी अब तक नहीं दी है। टीम टुकड़ों में न्यूयॉर्क पहुंची है जिसमें आईपीएल 2024 के लीग चरण से बाहर होने वाली टीमों के खिलाड़ी पहले पहुंचे, लेकिन इसमें हार्दिक पांड्या शामिल नहीं थे। जैसे-जैसे टीमें लीग या प्लेऑफ़ चरण से बाहर हुईं वैसे-वैसे खिलाड़ी पहुंचते गए, लेकिन हार्दिक एक ब्रेक लेने के बाद टीम से जुड़े हैं। टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई ने बताया है कि कुछ महीनों से आईपीएल 2024 में लगातार सक्रिय रहे खिलाड़ियों के लिए अभी क्या रुटीन फ़ॉलो किया जा रहा है। बीसीसीआई द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में उन्होंने कहा, अपनी रूटीन में आसानी से ढल रहे हैं और हम केवल यह करना चाह रहे थे कि खिलाड़ी टाइम जोन के आदी हो जाएं। जसप्रीत बुमराह ने कहा, हमने अभी क्रिकेट नहीं खेला है। हम यहां टीम के साथ गतिविधि के लिए आए थे। उम्मीद है कि यह अच्छा होगा। मौसम काफ़ी अच्छा है। खिलाड़ियों ने वॉर्मअप किया, दौड़ लगाई, कुछ हल्की स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग का काम किया और फिर फुटबॉल से थोड़ा अभ्यास किया। देसाई ने मंगलवार के सेशन पर कहा, ये खिलाड़ी ढाई महीने तक हमसे (राष्ट्रीय टीम से) दूर रहे हैं। सबको साथ लाकर पता किया जा रहा है कि वे कहां खड़े हैं और विश्व कप से पहले क्या किया जाना चाहिए। लक्ष्य यही है कि मैदान पर 45 मिनट से एक घंटा बिताया जाए ताकि आगे बढ़ा जा सके। हम उन्हें चलते देखना चाहते हैं। हम उन्हें दौड़ते देखना चाहते हैं ताकि हर व्यक्ति के लिए पहले मैच से पहले पर्याप्त काम किया जा सके। आईपीएल के बाद टीम से जुड़ने से पहले एक छोटा ब्रेक लेने वाले हार्दिक विश्व के एक नए हिस्से में खेलने के लिए काफ़ी उत्सुक दिखे। रवींद्र जडेजा अधिक से अधिक लुत्फ़ लेने के मूड में दिखे तो वहीं सूर्यकुमार यादव ने पहले दिन को शानदार बताया। भारत को विश्व कप में पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ़ खेलना है और उसके बाद 9 जून को उनका सामना पाकिस्तान से होगा। 12 जून को वे अमेरिका और 15 जून को कनाडा के खिलाफ़ खेलेंगे। पहले तीन मैच न्यूयॉर्क और अंतिम फ्लोरिडा में खेला जाना है।

## नॉर्वे शतरंज: वैशाली ने हम्पी को हराया प्रग्नानंदा को डिंग लिरेन से हार मिली


**स्टावनगर( एजेंसी )।** नॉर्वे शतरंज के दूसरे राउंड में सभी तीन क्लासिकल बाजियां बराबरी पर छूटीं लेकिन मैग्नस कार्लसन, अलीरेज़ा फ़िरोजा और डिंग लिरेन ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए आर्मागेडन बाजियों (सडन डैथ) को जीत कर डेढ़-डेढ़ अंक हासिल कर लिए। भारत के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रग्नानंदा आर, जो विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ आमने-सामने के मुकाबलों में 2-0 से आगे थे, नॉर्वे शतरंज के राउंड में अपना पहला क्लासिकल ड्रा खेला लेकिन चीनी ग्रैंडमास्टर फिर आर्मागेडन टाई ब्रेकर में विजयी रहे। मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामूरा के बीच नजदीकी क्लासिकल मुकाबला ड्रा रहा लेकिन कार्लसन ने अपना कौशल दिखाते हुए आर्मागेडन में जीत हासिल की और टूर्नामेंट तालिका में अपनी बढ़त को तीन अंक पहुंचा दिया। इस बीच अलीरेजा फिरोजा और फाबियानो कारूआना का क्लासिकल गेम भी ड्रा रहा। फिरोजा ने स्पीड शतरंज में अपनी




महारत दिखाते आर्मागेडन मुकाबला जीता और महत्वपूर्ण डेढ़ अंक हासिल किये। महिला वर्ग में वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज की। समय के दबाव में हम्पी की भयंकर भूल ने वैशाली को जीत का मौका दिया और उन्होंने भारत की नंबर एक महिला खिलाड़ी को हरा दिया। लेई तिंगजी और पिया क्रैम्लिंग के साथ-साथ जू वेनजुन और अन्ना मुज्यचुक के बीच अन्य दो क्लासिक मैच कड़े मुकाबले में ड्रा पर समाप्त हुए।

## स्पेक्ट्रम नीलामी की सीमित बोली के बीच जियो से ज्यादा बोली लगा सकती है एयरटेल

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारती एयरटेल आगामी नीलामी में बाजार की अग्रणी रिलायंस जियो की तुलना में ज्यादा स्पेक्ट्रम के लिए संचयी रूप से बोली लगा सकती है। विश्लेषकों के अनुसार स्पेक्ट्रम के नवीनीकरण की जरूरत और कुछ सर्कलों में 900 मेगाहर्ट्ज की जरूरत के कारण ऐसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि आगामी नीलामी में नरम बोली की संभावना के बावजूद जियो की तुलना में एयरटेल ज्यादा बोलियां लगा सकती है। एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'हालांकि भारती और




वी को कुछ सर्कलों में 900 मेगाहर्ट्ज का नवीनीकरण कराना है, लेकिन भारती इस अवसर का उपयोग अपनी एक गीगाहर्ट्ज से कम वाली होल्डिंग मजबूत करने के लिए भी कर सकती है।' इस निवेश सलाहकार फर्म को उम्मीद है कि एयरटेल का 10,400 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम व्यय जियो के 900 करोड़ रुपये के परिव्यय और वोडाफोन आइडिया (वी) के 1,200 करोड़ रुपये के परिव्यय से ज्यादा हो सकता है। उसका कहना है कि अगर दूरसंचार कंपनियां सबसे सहज भुगतान विकल्प चुनती हैं तो वित्त वर्ष 25 में सरकार की प्राप्तियां 1,200 करोड़ रुपये होंगी। विश्लेषकों ने नीलामी अधिसूचित होने के बाद मार्च में अनुमान जताया था कि भारती एयरटेल को छह सर्कलों में 1800 मेगाहर्ट्ज और 900 मेगाहर्ट्ज बैंड में कम से कम 42 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के लाइसेंस का नवीकरण कराना है। इसलिए यह दूरसंचार कंपनी आरक्षित कीमत पर 3,800 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

## शाहरुख खान को मुथूट पप्पाचन ग्रुप ने बनाया अपना नया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** मुथूट पप्पाचन ग्रुप (एमपीजी) ने शाहरुख खान को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। देश के इस 137 साल पुराने प्रमुख व्यापारिक समूह को मुथूट ब्लू के नाम से जाना जाता है। यह रणनीतिक गठजोड़ एमपीजी के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो इसकी ब्रांड उपस्थिति को मजबूत करेगा और यह पूरे भारत में विभिन्न पृष्ठभूमि वाले ग्राहकों के साथ जुड़ने का एक नया तरीका है। मुथूट पप्पाचन समूह भारत की कुछ प्रमुख एनबीएफसी का प्रवर्तक है, जिनमें मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (समूह की प्रमुख कंपनी), मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड, मुथूट कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड और



मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। यह भागीदारी देश के आर्थिक विकास और आकांक्षाओं को बढ़ावा देने से जुड़े एमपीजी के दृष्टिकोण और दृढ़ समर्पण को प्रदर्शित करती है। शाहरुख खान की प्रतिष्ठा इस नैरेटिव को और आगे बढ़ाएगी, जो सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के साथ जुड़ेगी और उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी। मुथूट पप्पाचन समूह के अध्यक्ष, थॉमस जॉन मुथूट ने अपनी टीम में शाहरुख खान के शामिल होने पर उत्साह जताते हुए कहा, यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। शाहरुख अपने साथ सिर्फ स्टार पावर ही नहीं ला रहे, बल्कि वह विनम्रता और अपने बल पर हासिल सफलता के भी प्रतीक हैं, जो हमारे मूल मूल्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा, शाहरुख खान की यात्रा हमारी कंपनियों में विभिन्न टचप्वाइंट पर सेवाओं को सुलभ बनाने, देश भर में आम आदमी को सशक्त बनाने के हमारे मिशन को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उनके जीवन की कहानी बड़े सपने देखने और उन सपनों को साकार करने की ताकत दिखाती है। मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड के सीईओ शाजी वर्गीस ने कहा, शाहरुख खान सिर्फ मशहूर ही नहीं हैं, वह विनम्रता और अपने बल पर बनाई शानदार ज़िंदगी के भी प्रतीक हैं। वह हमारे लक्षित वर्ग से एक ऐसे सामान्य आदमी के रूप में जुड़ते हैं, जिन्होंने बड़े सपने देखे और अपने सपनों को हकीकत में बदल दिया। समूह के ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपनी भूमिका में, शाहरुख खान कई चैनलों पर एमपीजी के अभियानों में उनकी सेवाओं का प्रचार करते हुए दिखाई देंगे। इन अभियानों का मकसद है।

## सिंगापुर ओपन: सेन, श्रीकांत बाहर; सिंधु दूसरे दौर में



**सिंगापुर( एजेंसी )।** भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु ने शानदार जीत के साथ सिंगापुर ओपन बीडब्लूएफ 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है जबकि लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत पहले दौर में बाहर हो गए। सिंधु ने विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी लाइन कजेर्सफेल्ट को लगातार गेमों में 21-12, 22-20 से पराजित किया। सिंधु ने 4-3 की बढ़त बनायी और फिर इसे आगे बढ़ाते हुए पहला गेम 21-12 से जीत लिया। दूसरा गेम आखिर में जाते-जाते रोमांचक हो गया। डेनिश खिलाड़ी ने सिंधु को गलतियां करने के लिए मजबूर किया और 19-16 की बढ़त बना ली। दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता सिंधु ने चार गेम अंक बचाये और वापसी करते हुए 22-20 से गेम और मैच जीत लिया। लक्ष्य सेन विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और मौजूदा ओलम्पिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से तीन गेमों के संघर्ष में 13-21, 21-16, 13-21 से हार गए। इससे पहले श्रीकांत जापान के कोडई नाराओका से 14-21,3-11 से हारकर बाहर हो गए। श्रीकांत दूसरे गेम में चोट के कारण रिटायर हो गए। श्रीकांत की चोट के बारे में अब तक पता नहीं चला है।

## बॉलीवुड फिल्म छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान रायपुर के नीरज विक्रम ने लिखी

### आज रायपुर सहित पूरे देश हो रही रिलीज ...

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भीम एंड द कर्स ऑफदमयान फिल्म 31 मई 2024 को, रायपुर और संपूर्ण छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है, ये फिल्म हमारे रायपुर के रहने वाले लेखक कैप्टन नीरज विक्रम ने लिखी है। कैप्टन नीरज विक्रम एक पूर्व आर्मी ऑफिसर हैं और उन्होने मोटू पतलू, शिवा, रुद्रा, ओह माय लल्लन, चाचा भतीजा, ईना मीना डिका, छोटा भीम जैसी कई सुपर हिट एनिमेटेड सीरियल लिखे हैं, इसके अलावा सोनपरी, शरारत, शकालाका बूम बूम, ऑल द बेस्ट, करिश्मा का करिश्मा, जैसे तमाम दादू जी, टिंग टॉंग, ओह माय लल्लन और दी पांडवास जैसे एनिमेटेड सीरियल प्रोडूस भी किये हैं नीरज विक्रम जी




से इस फिल्म के बारे में बताया कि छोटा भीम एंड द कर्स ऑफदमयान फिल्म भारत में पहली ऐसी फिल्म है जो एनीमेशन सीरियल से लाइव एक्शन फिल्म में बन रही है, छोटा भीम पिछले 16 सालों से एक सुपर हिट एनीमेशन सीरियल है, राजीव चिलाका फिल्म के निर्माता के साथ लाइव एक्शन मूवी डायरेक्ट करने का ये उनका पहला अनुभव था



फिल्म में तकरीबन हर सीन में वीएफएक्स का काम है। वीएफएक्स निर्देशक जुनैद ने बहुत अच्छा काम किया है इस फिल्म में भीम का मुख्य किरदार में यज्ञा भसीन ने किया है, उसके दोस्तों का किरदार आश्रिया मिश्रा ,कबीर साजिद शेख ,दिव्यम , दैविक, आद्विक और स्वर्णा पांडेय ने किया है। इनके साथ इनके साथ अहम भूमिका में अनुपम खेर , मकरंद देशपांडे , नवनीत कौर ढिल्लों , सुरभि तिवारी , संजय बिश्नोई और शाजी चौधरी है।

## सोनी इंडिया ने कंटेंट क्रिएशन में पोर्टेबिलिटी को पुनर्परिभाषित करते हुए ईसीएम-डब्ल्यू3 और ईसीएम-डब्ल्यू3एस वायरलेस माइक्रोफोन का किया अनावरण

**नई दिल्ली:** सोनी इंडिया ने अपने माइक्रोफोन पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए आज ईसीएम-डब्ल्यू3 और ईसीएम-डब्ल्यू3एस वायरलेस माइक्रोफोन पेश किए। ये अत्याधुनिक माइक्रोफोन हल्के डिज़ाइन के साथ उच्च गुणवत्ता वाला साउंड कैप्चर पेश करते हैं। ईसीएम-डब्ल्यू3 और ईसीएम-डब्ल्यू3एस मॉडल के साथ, सोनी वीडियो कंटेंट क्रिएशन को विभिन्न शूटिंग परिदृश्यों में बेहतर ऑडियो रिकॉर्डिंग प्राप्त करने की क्षमता प्रदान करता है। ईसीएम-डब्ल्यू3 में दो-चैनल रिसीवर और दो माइक्रोफोन हैं और ईसीएम-डब्ल्यू3एस में एक-चैनल रिसीवर और एक माइक्रोफोन है। ये माइक्रोफोन शोर को प्रभावी ढंग से कम करते हुए असाधारण साउंड पिकअप सुनिश्चित करते हैं। सोनी कैमरों के साथ मल्टी-इंटरफेस (एमआई) शू कम्पेटिबिलिटी के अलावा, यूएसबी टाइप-सी0 टर्मिनल और 3.5 मिमी ऑडियो आउटपुट के माध्यम से कम्पेटिबिलिटी को और बढ़ाया जाता है जो कैमरे, स्मार्टफोन और पीसी आदि जैसे यूएसबी टर्मिनल और 3.5 मिमी ऑडियो इनपुट से लैस विभिन्न किस्म के उपकरणों के साथ कनेक्शन में मदद करता है। एक नॉइज़-कट फिल्टर से लैस है जो डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग के साथ कठोर आवाज़ को प्रभावी ढंग से कम करता है, और एक लो-कट फिल्टर जो अवांछित लो-फ्रीक्वेंसी शोर जैसे हवा, एयर कंडीशनिंग और कंपन शोर को कम करता है।

## प्रदेश में भीषण गर्मी एवं लू के चलते समर कैम्प स्थगित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू के मद्देनजर स्कूल शिक्षा विभाग ने समर कैम्प को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा उक्त आदेश जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी कर दिया है। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न के उनमें बहुमुखी कौशल के विकास के लिए प्रदेश में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा था।

# बिजली आपूर्ति बहाली में विलंब के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश

### 5 वर्षों में परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी ● विद्युत कंपनियों की बैठक में अध्यक्ष श्री पी.दयानंद के तीखे तेवर

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में आज कंपनी अध्यक्ष तथा प्रदेश के ऊर्जा सचिव श्री पी.दयानंद की बैठक की धमक रही। बिजली आपूर्ति में बाधा की शिकायतों को देखते हुए श्री दयानंद ने ट्रांसमिशन कंपनी तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों को तलब किया और जिन स्थानों पर आपूर्ति बहाली में निर्धारित से अधिक या गैरवाजिब समय लग रहा हैं, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

विभिन्न समाचार पत्रों तथा न्यूज वेब पोर्टल में बिजली की आपूर्ति में बाधा आने के बाद इसकी बहाली में लगने वाले अधिक समय को लेकर प्रकाशित समाचारों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष श्री पी.दयानंद ने यह बैठक बुलाई थी। उन्होंने जब विस्तार से इन समस्याओं का कारण पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि विगत पांच वर्षों में विद्युत उपकेन्द्र तथा लाईनों की स्थापना जैसे अधोसंरचना के विकास के कार्यों में बहुत रूकावट आई थी। अनेक कारणों से विद्युत विकास कार्यों में प्रगति नहीं हो पाई जिसका विपरीत असर वर्तमान समय में दिखाई पड़ रहा है। गर्मी के कारण जहां सर्वाधिक मांग दर्ज की जा रही है, उसके अनुरूप आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है




लेकिन जिन स्थानों पर कार्य स्वीकृत है, टेंडर हो चुके है, बजट की समस्या नहीं है वहां भी उचित मानीटरिंग नहीं होने के कारण वांछित प्रगति नहीं हो पाई है। श्री दयानंद ने इन परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही ऐसे कार्यो की सूची तलब की है। जशपुर जिले में 15 विद्युत उपकेन्द्र स्वीकृत होने के बावजूद वहां कार्य पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने आश्चर्य एवं क्षोभ व्यक्त किया। बैठक में बताया गया कि यदि ये कार्य समय पर हो गये होते तो मौसम के कारण वर्तमान समय में जो दिक्कतें आ रही हैं उनका समाधान हो गया होता। उन्होंने विद्युत आपूर्ति में बाधा और लंबे समय तक आपूर्ति बहाल नहीं होने वाले प्रकरणों की सूची भी तलब की है ताकि जिम्मेदारी का निर्धारण किया जा सके। आज की बैठक में उन्होंने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के आधार पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है आगे भी बड़े पैमाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने सहित अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये है। मांढर जिला रायपुर, मनेन्द्रगढ़, भाटापारा, कोपरा, भानुप्रतापपुर, रायगढ़, जगदलपुर, बिलासपुर आदि स्थानों से आये समाचारों के आधार पर उन्होंने कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। श्री दयानंद ने कहा है कि दोषी पाये जाने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। श्री दयानंद ने कहा कि पूर्व की अनेक विफलताओं के बावजूद भीषण गर्मी के समय में प्रदेश में विद्युत आपूर्ति को काफी हद तक बेहतर बनाये रखने के लिए अधिकारी-कर्मचारी भरसक प्रयास कर रहे है।

बैठक में प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने अनेक स्थानों पर पारेषण तथा वितरण तंत्र की मजबूती के लिए हुई अच्छी प्रगति की जानकारी भी दी तथा बताया कि आचार संहिता के कारण भी बहुत से कार्य प्रभावित हुए है जिन्हें आचार संहिता समाप्त होते ही तेजी से पूर्ण किया जायेगा। वर्ष 2024 के अंत तक अनेक कार्य पूर्ण करने की जानकारी उन्होंने दी।

बैठक में भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक (वितरण), राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक (वितरण-परियोजना), संजय पटेल, कार्यपालक निदेशक (पारेषण-परियोजना) आदि वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## पॉवर कंपनी मुख्यालय में उच्च रक्तचाप नियंत्रण पर सेमीनार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के विद्युत सेवा भवन में उच्च रक्तचाप नियंत्रण सेमीनार में विभिन्न रोगों के प्राकृतिक उपचार एवं रोकथाम के लिए विपश्यना एवं आहार-विहार पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री सीताराम साहू को कार्यपालक निदेशक श्रीमती ज्योति नन्नौरे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) श्री विनोद अग्रवाल, महाप्रबंधक (वित्त) श्री वाई.बी.जैन द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मानव संसाधन विभाग पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विद्युत कंपनी के अधिकारी-कर्मचारीगणों को विपश्यना पद्धति एवं स्वास्थ प्रबंधन पर जानकारी प्रदान की गई।

श्री साहू द्वारा स्वास्थ प्रबंधन के विविध माध्यमों पर पॉवर पांइट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि विश्व में मृत्यु दर और विकलांगता का प्रमुख कारक बढ़ता हुआ रक्तचाप है। वैश्विक स्वास्थ आंकड़ों के अनुसार 10.8 मिलियन लोगों की मृत्यु का कारण हायपर टेंशन व विकृत जीवनशैली है। उच्च रक्तचाप एवं डायबिटिज वर्तमान जीवन में सबसे जटिल बीमारी है, इसके रोकथाम के लिए हितभुक, मितभुक एवं रितभुक के नियमों का पालन करने की सलाह दी।

इस सेमीनार में स्वास्थ प्रबंधन हेतु आध्यात्मिक व मानसिक विकास, विपश्यना एवं शारीरिक स्वास्थ के लिए पौष्टिक आहार, सीमित खानपान व सरल जीवनशैली का अनुसरण करने का आग्रह किया गया। श्री साहू ने बताया कि विभिन्न पद्धतियों के जरिये व्यक्ति को अवसाद और तनाव से मुक्त किया जा सकता है।

श्री साहू प्रशिक्षित योग गुरू व विपश्यना केन्द्रों में आचार्य है। वे धम्मकेतु विपश्यना ध्यान केन्द्र थनौद जिला दुर्ग, धम्मगढ़ विपश्यना ध्यान केन्द्र भरारी जिला बिलासपुर, धम्मकुटी विपश्यना ध्यान केन्द्र सिंगारभाटा जिला रायपुर एवं धम्मांचल विपश्यना ध्यान केन्द्र उंचडीह जिला सरगुजा के केन्द्र आचार्य हैं। वे समय-समय पर विद्युत कंपनी के विभिन्न कार्यालयों में शिविर व कार्यशाला के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य के लिए विद्युत अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हैं। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

## सिपेट रायपुर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 2 जून अंतिम तिथि

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सिपेट रायपुर में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथी बढा दी है। बता दें कि इससे पूर्व आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.05.2024 थी। अब डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक 10वीं उत्तीर्ण छात्र डीपीएमटी/ डीपीटी एवं बी.एस.सी. उत्तीर्ण छात्र पीजीडीपीपीटी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए दिनांक 02.06.2024 तक ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए www.cipet.gov.in पर सम्पर्क करें।

प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए क्यु आर कोड स्कैन करें

## ग्राहको की मांग को देखते हुए स्वदेशी खादी महोत्सव प्रदर्शनीय 04 जून 2024 तक रहेगा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** स्वदेशी खादी महोत्सव में उमड़ी जन सैलाब, प्रदर्शनी समिति दोनों के लिए छत्तीसगढ़ हाट पंडरी बाजार में इन दिनों स्वदेशी खादी महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें देश के तकरीबन सभी राज्यों के बुनकरों की दस्तकारी हुई है। एक से बढ़कर एक नयाब कलेक्शन हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं का शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते, लखनऊ चिकन, कश्मीरी साड़ी बनारसी साड़ी हैदराबाद कॉटन साड़ी जैसे विभिन्न उत्पादों के साथ-साथ भीषण गर्मी को देखते हुए सूती वस्त्रों की विशाल रेंज प्रदर्शनी संचालको द्वारा लाई गई है, जो शहरवासियों को काफी अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है और सहरवासी इसका बढ़ चढ़कर लाभ ले रहे हैं, समर (गर्मी) की सूती बस्त्रो की जबरदस्त खरीदारी का एकमात्र स्थान स्वदेशी खादी महोत्सव चुकी घर बैठे सभी राज्यों की वस्तुओं को काफी किफायती दामों पर एक ही छत के नीचे प्राप्त कर लेना वाकई शाहरवासियों के लिए एक का अनोखा अनुभव है प्रदर्शनी में सभी स्थानों पर क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध है हथकरघा वस्तुओं पर 10 प्रतिशत तथा हस्तशिल्प वस्तुओं पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट संस्था द्वारा दी जा रही है। संचालक अनुराग मिश्रा ने सहरवासियों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आए और इस छूठ का लाभ उठाएं प्रदर्शनी का समय सुबह 10ः00 बजे से लेकर के रात्रि के 10 बजे तक है, ग्राहको के मांग को देखकर स्वदेशी खादी महोत्सव प्रदर्शनीय 04 जून 2024 तक रहेगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस के लिए मर्सी फॉर एनिमल्स इंडिया फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने दिया संदेश- मांस ग्रह को पिघला रहा है

### स्वयंसेवकों ने भारत के बढ़ते मीथेन उत्सर्जन को रोकने के लिए आहार में तत्काल परिवर्तन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर छत्तीसगढ़ के रायपुर में पिघलती धरती के मॉडल के बगल में, पूरे काले परिधान पहने कार्यकर्ताओं ने विशाल कांटा-चाकू और तख्तियां पकड़ रखी थीं, जिन पर लिखा था, मांस ग्रह को पिघला रहा है- वीगन चुनें। प्रदर्शन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के प्रमुख कारण के रूप में मांस उत्पादन और खपत को उजागर करना था।

मर्सी फ़ॉर एनिमल्स के कुशल समद्दर ने कहा, समुद्र के बढ़ते स्तर, तेज़ तूफ़ान, बाढ़ और पिघलते हिमालय के साथ, भारत को जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों का सामना करना पड़ रहा है। मांस और डेयरी के लिए जानवरों को पालना ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का एक प्रमुख कारण है, और वीगन आहार अपनाना आपके कार्बन पदचिह्न को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है।

खाद्य प्रणालियाँ वैश्विक ग्रीनहाउस उत्सर्जन में कम से कम एक तिहाई का योगदान करती हैं, जिसमें अकेले औद्योगिक पशु कृषि 20 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है। भारत का पशुधन उद्योग, गाय और भैंस सहित 303 मिलियन मवेशियों के साथ, ग्लोबल वार्मिंग मीथेन उत्सर्जन में देश का शीर्ष योगदानकर्ता है। मीथेन गैस कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 80 गुना अधिक गर्मी को वातावरण में रोक सकती है।

## भीषण गर्मी : जंगल सफारी में किया गया अनोखा इंतजाम

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में इन दिनों भीषण गर्मी और प्रचंड हीट वेव का दौर जारी है। प्रदेश में दिन को झुलसाने वाली तेज धूप व गर्मी के साथ ही रात में भी गर्म हवाएं चलने लगी है। वहीं रायपुर जंगल सफारी में वन्य जीवों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए कुछ खास इंतजाम किए गए हैं, ताकि उन्हें भी इस भीषण गर्मी से राहत दिलाई जा सके। जंगल सफारी की ओर से वन्य जीवों के बंद बाड़े में कूलर लगाए गए हैं। जंगल सफारी के डायरेक्टर गणवीर धम्मशील ने बताया, जंगल सफारी और जू में गर्मियों के मद्देनजर वन्य प्राणियों की देखभाल के लिए हमने समुचित व्यवस्था की है, जिसके अंतर्गत हमने ग्रीन नेट लगाया है, कूलिंग सिस्टम को बेहतर किया है और उन्हें हर जगह पानी उपलब्ध कराने के साथ ही उनके डाइट में भी बदलाव किया है। गर्मी को देखते हुए हमने खास प्लान बनाया और उसी हिसाब से सतत निगरानी भी की जा रही है।

## एमएमआई नारायणा अस्पताल ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू के खिलाफ जागरुकता रैली का आयोजन किया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दुनिया में हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1988 में 31 मई को हर साल दुनिया भर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। उसके बाद हर वर्ष यह दिवस मनाया जा रहा है।

तंबाकू एक ऐसी वस्तु है जिससे दुनिया का हर व्यक्ति परिचित है। चाहे कोई तंबाकू का सेवन करता हो या ना करता हो मगर उसके दुष्परिणामों का हर व्यक्ति को ज्ञान है। आज तंबाकू दुनिया के सामने सबसे बड़ी महामारी बनी हुई है। उसके उपरांत भी सबसे अधिक व्यक्ति तंबाकू का सेवन करते हैं। इसी विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए 31 मई 2024, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल लालपुर रायपुर द्वारा तंबाकू के खिलाफ जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस आयोजन को अस्पताल द्वारा रायपुर शहर के विभिन्न पार्क में जागरूकता अभियान चलाया गया।

रैली में एमएमआई नर्सिंग कॉलेज से स्टूडेंट्स और पार्क में मौजूद अन्य लोगो द्वारा हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉ. भारत भूषण सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ यश चड्ढा - हेड एन नैक ओंको सर्जन एवं नर्सिंग स्टूडेंट्स ने आम जनता से तंबाकू के इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी और इसके सेवन को बंद करने की अपील की। डॉ. भारत ने बताया की विश्व में धूम्रपान करने वालों में से करीब 10 प्रतिशत लोग भारतीय हैं। भारत का तंबाकू निर्यात में छठा स्थान आता है। उन्होंने बताया कि हमारे राज्य में भी तंबाकू बहुत से मध्यम से लिया जाता है और अन्या कैंसर की अपेक्षा तंबाकू से होने वाले कैंसर का बहुत अधिक खतरा है। इस पहले के माध्यम से मैं नारायणा हेल्थ कैंसर इंस्टिट्यूट को सभी तंबाकू से होने वाले नुक्सान के लिए जागरूक करना चाहता हूं। बता दे एमएमआई नारायणा हेल्थ कैंसर इंस्टिट्यूट में कैंसर के इलाज के सभी प्रकार की सर्जरी, कीमोथेरेपी और हाई एंड रेडिएशन मशीन द्वारा संभव है, यहां कैंसर के मरीजों के लिए एक ही बात है कि सभी प्रकार के विशेष उपायों की सुविधा भी मिलती है जिससे इलाज के दौरान मरीज को परेशानी न हो। किसी और विषय को दिखाना हो तो उन्हें और कहीं जाने की जरूरत नहीं है। पिछले 13 वर्षों से एमएमआई नारायणा हेल्थ हॉस्पिटल मरीजो श्रेष्ठ इलाज की सुविधा दे रहा है

खासकर युवा इससे बहुत ज्यादा आकर्षक है। इसके माध्यम से हम सभी को जागरूक करना चाहते हैं कि वे तम्बाकू का सेवन बंद करें और अपनों के करीब हों, तो आइए, हम सब मिलकर तंबाकू के खिलाफ लड़ाई लड़ें और एक स्वस्थ भारत का निर्माण करें।

## बेरला बारूद फैक्ट्री विस्फोट मामले मे एफआईआर दर्ज

**बेमेतरा (आरएनएस)।** बेरला स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी में 25 मई को हुए भीषण विस्फोट के मामले में पुलिस ने घटना के 4 दिन बाद एफआईआर दर्ज कर लिया है। यह एफआईआर सरकार की तरफ से कंडरका पुलिस चौकी के प्रभारी,उप निरीक्षक मयंक मिश्रा ने दर्ज कराया है। यह एफआईआर 29 मई की शाम दर्ज की गई है। बता दें कि स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी कंडरका पुलिस चौकी से करीब 19 किलो मीटर दूर है। एफआईआर में कंपनी प्रबधन से जुड़े एक व्यक्ति अवधेश जैन को नामजद करते हुए अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। बताया जाता है कि अवधेश जैन एनआईटी, रायपुर से बीई (खनन) करने वाले जैन कंपनी के डायरेक्टर हैं। पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार घटना 25 मई सुबह करीब 7 बजे की है। घटना में घायल 7 लोगों का ईलाज के लिए रायपुर भेजा गया था, जिसमें से एक व्यक्ति राम साहू (50) की मौत हो गई। वहीं, घटना के बाद से 8 लोगों के गायब हैं।




## आंखों के यौगिक व्यायाम के बहुत फायदे : आस्था

### महाराष्ट्र मंडल की योग समिति प्रमुख आस्था काले कई महीनों से सुबह 6:15 बजे ले रहीं हैं ऑनलाइन क्लास



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आंखों का व्यायाम न केवल आंखों के लचीलेपन में सुधार करने में मदद करता है, बल्कि फोकस में भी सुधार करता है। निकट और दूर ध्यान केंद्रित करने वाले अभ्यासों से आपको काफी राहत मिलती है। इसके लिए अपने कमरे के फर्श पर बैठ जाएं और अपने हाथों को सीधा करके अपने अंगूठे को ध्यान केंद्रित कर देखें। वहीं पामिंग एक आरामदायक व्यायाम है, जो आंखों की थकान दूर करने में मदद कर सकता है। सबसे पहले अपनी हथेलियों को आपस में रगड़ें और गर्म करें। फिर, अपनी आँखें बंद करें और अपनी हथेली को अपनी आँखों पर तब तक रखें, जब तक कि बाद की छवि दूर न हो जाए। उक्त बातें महाराष्ट्र मंडल की योग समिति प्रमुख आस्था काले ने अपनी आनलाइन योग प्रशिक्षण क्लास में कहीं।

प्रतिदिन सुबह 6.30 से 7.30 बजे तक चलने वाले आनलाइन योग क्लास में जुड़ने वाले योग साधकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंगलवार 28 मई को शिविर में वार्मअप, पवनमुक्तासन, आंखों के यौगिक व्यायाम, उदर व पाचन समूह के आसन, प्राणायाम और ध्यान किया गया। आज आंखों के यौगिक आसन खास रहे। आसन करने वाले लोगों ने यह स्वीकार किया कि इस आसन से उन्हें आराम मिला है। आसन के बाद प्रशिक्षु अलखनंदा नारद ने कहा कि आज का सत्र आंखों के लिए बहुत उपयोगी रहा। इसके साथ सुक्ष्म व्यायाम से शरीर की जकड़न भी दूर हुई।

शिल्पा चांदोकर का कहना है कि सुबह-सुबह योग करके बहुच अच्छा लगता है। अलग-अलग सुक्ष्म व्यायाम करने से मेरे शरीर की नसें और मांसपेशियां धीरे-धीरे खुलने लगी हैं। अर्चना जतकर ने भी आंखों के यौगिक व्यायाम को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आंखों का व्यायाम करने से आज काफी अच्छा महसूस हुआ। नहीं तो बढ़े हुए तापमान के कारण आंखों में जलन महसूस होती है। प्रतिदिन योग शिविर में शामिल हो रही दीपांजलि भालेराव के अनुसार उन्हें फ्लोटर की समस्या है। ऐसे में चिकित्सीय सलाह और दवाओं के साथ योग काफी लाभकारी है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354